दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ | 2 | देश विदेश | 4 | अभिव्यक्ति | 7 | कारोबार/खेल

RNI NO - MPHIN/2020 /81503 | जबलपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025 , | कृष्ण पक्ष चतुर्दशी , विक्रम संवत -2082 , | वर्ष -5 अंक - 01 पृष्ठ -08 मूल्य-4 रूपए | जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सावन के पावन महीने में पवित्र कांवड़ यात्रा को लेकर भी सियासत होना चिंता का विषय है। कांवड़ यात्रा से जिनके सीने पर सांप लोट रहे हैं वे इसे लेकर विवादास्पद बयानबाजी कर माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के एक विधायक ने तो कांवड़ यात्रियों को गुंडे बदमाश करार दे दिया है। इस बीच कांवडियों के वेश में हुडदंग मचाने वाले आधा दर्जन असामाजिक तत्व पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। जाहिर है कांवड़ियों को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

वायु सेना से रिटायर्ड होंगे मिग-21 फाइटर जेट, मिलेंगे तेजस मार्क-1ए

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय वायुसेना अपने मिग-21 लड़ाकू विमान को सदैव के लिए अलविदा कहने जा रही है। इसी वर्ष 19 सितंबर को मिग-21 लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना के बेड़े से बाहर हो जाएंगे। मिग-21 लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना के सबसे पुराने और ऐतिहासिक लड़ाकू विमानों में शुमार हैं। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक चंडीगढ़ एयरबेस पर 23 स्क्वाड्रन (पैंथर्स) एक विशेष कार्यक्रम के दौरान इन विमान को विदाई देगा। गौरतलब है कि समय के साथ पुराने होते और बार-बार हादसों का शिकार होने के कारण मिग-21 लड़ाकू विमानों को 'उड़ता ताबूत' कहा जाने लगा था।

मिग-21 पूर्व में भारतीय वायुसेना का एक भरोसेमंद व मजबूत लड़ाकू विमान था। इस विमान ने 1965 के भारत-पाक युद्ध में अहम योगदान दिया था। इसके बाद 1971 के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

थल सेना को मिले अटैक अपाचे हेलीकॉप्टर, भारत पहुंची पहली खेप

नई दिल्ली (आईएएनएस)। अमेरिका से खरीदे गए अटैक अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना शामिल होने जा रहे हैं। मंगलवार को गाजियाबाद स्थित वायुसेना के हिंडन एयरबेस पर भारतीय थल सेना के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर्स की पहली खेप पहुंची। यहां तीन अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर की पहली खेप हिंडन एयरबेस पर सफलतापूर्वक उतारी गई है। ये अटैक हेलीकॉप्टर सेना के एविएशन विंग का हिस्सा होंगे। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक भारतीय थल सेना के लिए यह दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि लेकर आया है। भारतीय सेना को ऐसे कुल छह हेलीकॉप्टर मिलने हैं। माना जाना है कि अमेरिका से शेष तीन हेलीकॉप्टर्स की डिलीवरी इस वर्ष के अंत तक हो जाएगी। अपाचे हेलीकॉप्टर को 'फ्लाइंग टोप' भी कहा जाता है। ये दुनिया के सबसे उन्नत अटैक हेलीकॉप्टर में शुमार हैं। अपाचे हेलीकॉप्टर में 30 एमएम चेन गन, रॉकेट पॉड्स, लेजर और रडार-निर्देशित हेलफायर मिसाइलें हैं। ये घातक हेलीकॉप्टर एक साथ कई लक्ष्यों को भेद सकते हैं। यह पहाड़ी व जटिल इलाकों में उड़ान भरने में सक्षम है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों को सुविधापूर्वक, व्यवस्थित ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए : सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की खरीफ 2025 के लिए उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा की

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खरीफ 2025 के लिए किसानों को सुविधापूर्वक, व्यवस्थित ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। यूरिया की मांग वाले जिलों में आगामी सात दिवस में प्राप्त होने वाले रैक और उर्वरक वितरण व्यवस्था संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राज्य स्तर से उर्वरक व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है। उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, अवैध परिवहन पर कठोर कार्यवाही की जाए। विक्रय केन्द्रों पर कृषकों की अधिक भीड़ होने पर अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था कर विक्रय प्रक्रिया संचालित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित सहकारिता, राजस्व और किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपणन संघ के विक्रय केन्द्रों और पैक्स में निर्धारित अनुपात अनुसार उर्वरक का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर डबल लॉक केन्द्रों, पैक्स और निजी विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर स्कंध का सत्यापन सुनिश्चित करें। अनुदानित यूरिया के उपयोग की पशुआहार, पोल्ट्री फीड, लेमिनेशन, रेसिन, प्लाईवुड, पेंट, शराब उद्योग, प्रिंटिंग और मिलावटी दुग्ध उत्पादन में उपयोग की संभावना रहती है।

उत्तर कोरिया बना रहा है तीसरा जंगी पोत

प्योंगयांग (वार्ता)। उत्तर कोरिया ने आधिकारिक तौर पर चोई ह्योन-श्रेणी के अपने तीसरे जंगी पोत के निर्माण का काम प्रारंभ कर दिया है जिसे अगले साल अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। यह पोत देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन के उस संकल्प के अनुरूप है जिसमें उन्होंने देश की लंबे समय से उपेक्षित नौसेना को ताकतवर बनाने के लिए हर साल बड़े पोत बनाने का निश्चय किया है।

जम्मू-कश्मीर राज्य दर्जा की मांग को लेकर कांग्रेस का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

नयी दिल्ली (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओर से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस के 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम के तहत यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों के अनुसार संसद घेराव की भी योजना बनायी जा रही है। कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर की जनता के साथ विश्वासघात किया है। प्रधानमंत्री ने राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संसद के अंदर और बाहर कई वादे किये हैं, फिर भी लोकसभा चुनाव के 10 महीने बाद भी कुछ नहीं किया गया है। हम आंदोलन को और तेज करेंगे।

हंगामे की वजह से सदन पूरे दिन के लिए स्थगित

देश के टैक्स मनी को हंगामा करके विपक्ष कर रहा बर्बाद :किरेन रिजिजू

■ विपक्ष पर मौजूदा सत्र के दौरान कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद के मानसून सत्र में विपक्षी दलों के लगातार हंगामे के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कड़ी आलोचना की। उन्होंने विपक्ष पर टैक्स का पैसा बर्बाद करने और मौजूदा सत्र के दौरान जानबूझकर सदन की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया।

किरेन रिजिजू ने लोकसभा में मंगलवार को कहा कि बैठक में ये तय किया गया कि सबसे पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा होगी। इसके लिए समय भी तय किया गया है। एक साथ सारे मुद्दे पर चर्चा संभव कैसे है? फिर भी, सहयोग करने के बजाय, वे तख्तियां लेकर आए और सदन की कार्यवाही में व्यवधान डाला। ये हर समय नियम के विरुद्ध तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते हैं, यह निंदनीय है। जबकि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में यह तय हुआ था कि पोस्टर, बैनर लेकर सदन में नहीं आएंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंडी गठबंधन की बैठक में रणनीति तय, 'ऑपरेशन सिंदूर' से लेकर 'एसआईआर' समेत कई मुद्दों पर किया जाएगा सरकार

संसद का मानसून सत्र जारी है। इस बीच, इंडी गठबंधन के नेताओं की मंगलवार को संसद भवन परिसर में एक बैठक हुई, जिसमें मानसून सत्र के लिए रणनीति तैयार की गई और विपक्ष द्वारा सदन में उठाए जाने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। गठबंधन ने फैसला किया कि वे सरकार पर दबाव बनाएंगे और महत्वपूर्ण मुद्दों को जोर-शोर से उठाएंगे। संसद भवन परिसर में मंगलवार को हुई इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ-साथ गठबंधन के अन्य प्रमुख सांसद शामिल रहे। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर बैठक से जुड़ी कुछ तस्वीरों को शेयर किया। उन्होंने बताया कि आज पार्लियामेंट हाउस कॉम्प्लेक्स में इंडी गठबंधन के फ्लोर लीडर्स की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हंगामे के बीच दी गयी धनखड़ के इस्तीफे की औपचारिक सूचना

राज्य सभा को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की मंगलवार को औपचारिक सूचना दी गयी। पीठासीन उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने पूर्वाह्न में स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे सदन में प्रश्न-काल की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे और शोर शराबे के बीच उपराष्ट्रपति के इस्तीफे के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 22 जुलाई 2025 को जारी अधिसूचना की जानकारी दी। उन्होंने अधिसूचना का हवाला देते हुए संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अंतर्गत उपराष्ट्रपति धनखड़ के इस्तीफे की सूचना दी। इस अनुच्छेद के अनुसार उप-राष्ट्रपति राष्ट्रपति को संबोधित अपने हाथ से लिखे पत्र के द्वारा अपने पद से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम का यूके-मालदीव दौरा

क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा प्रमुख एजेंडा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी यात्रा पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने विस्तार से जानकारी दी है। प्रधानमंत्री मोदी 23-24 जुलाई को यूनाइटेड किंगडम (यूके) के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 25-26 जुलाई को उनकी मालदीव यात्रा तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूके की आधिकारिक यात्रा पीएम कीर स्टारमर के निमंत्रण पर हो रही है। यह प्रधानमंत्री मोदी की यूके की चौथी यात्रा होगी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि यह यात्रा जरूर छोटी है, लेकिन दोनों नेताओं को द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक पहलुओं की समीक्षा करने, इसे और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा करने और क्षेत्रीय तथा वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचार करने का अवसर देगी।

विदेश सचिव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कहा कि भारत-यूके साझेदारी को 2021 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में उन्नत किया गया था और तब से उच्च स्तरीय राजनीतिक संपर्क नियमित रूप से हो रहे हैं। दोनों पक्ष इस साझेदारी को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विक्रम मिस्री ने कहा, ब्रिटेन के कई विश्वविद्यालय भी भारत में अपना कैंपस खोलने पर विचार कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण रिश्ते के कुछ और भी तथ्य और आंकड़े हैं। 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 55 बिलियन डॉलर को पार कर गया। यूके भारत में छठा सबसे बड़ा निवेशक है, जिसके पास कुल निवेश 36 बिलियन डॉलर का है।

खालिस्तान के विषय पर भी विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'खालिस्तानी चरमपंथियों और उनसे जुड़े संगठनों की मौजूदगी का मुद्दा हम ब्रिटेन में अपने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मध्यप्रदेश स्वच्छता क्षेत्र में निरंतर रहेगा आगे : सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भोपाल की महापौर राय ने की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्वच्छता ट्राफी और प्रशस्ति-पत्र सौपा

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार की शाम मंत्रालय में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती राय ने राष्ट्रपति द्वारा भोपाल को स्वच्छता क्षेत्र में दिये गये प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि मध्य प्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी बना रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महापौर श्रीमती मालती राय सहित नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, श्री रविंद्र यति, श्री राजेश हिंगोरानी और अन्य पदाधिकारी गण को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भोपाल, इंदौर सहित मध्यप्रदेश के अन्य शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पुरस्कारों से गत सप्ताह सम्मानित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

काला कपड़ा पहनकर विरोध करने विधानसभा पहुंचे राजद विधायक

■ जदयू बोली 'मुंह पर भी कालिख पोत लेते

पटना (आईएएनएस)। बिहार में विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने के साथ ही विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने है। राजद के कई नेता कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरने के लिए काले कपड़े पहनकर विधानसभा पहुंचे, जिस पर जदयू विधायकों ने चुटकी ली। कहा कि इन लोगों को काले कपड़े पहनने के अलावा मुंह पर भी कालिख पोत लेनी चाहिए।

आईएएनएस से बातचीत में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक रणविजय साहू ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर कहा, 'ऐसा करके लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। महागठबंधन नीतीश सरकार के खिलाफ इस मुद्दे को लेकर मोर्चा खोलेगी। बिहार पुलिस की तरफ से ऑपरेशन लंगड़ा चलाए जाने पर राजद विधायक ने कानून व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि बिहार में अपराधियों के बीच कानून-व्यवस्था को लेकर बिल्कुल डर नहीं है। यहां पर आम लोगों का जीना दूभर हो चुका है। सरेआम व्यापारी गोपाल खेमका की हत्या कर दी गई।

गरमा - गरम

मंत्रि-परिषद ने सांख्यिकी से समृद्धि के लिए डाटा सुदृढ़ीकरण योजना को दी स्वीकृति

गांधीसागर जल विद्युत गृह की इकाइयों के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण का अनुमोदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत सांख्यिकी संबंधी आंकड़ों का समयावधि में संकलन (डाटा कलेक्शन) एवं विश्लेषण कर विभागों, आमजन एवं योजनाविदों के उपयोग के लिए आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में डाटा सुदृढ़ीकरण योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी। राज्य सरकार इस योजना के माध्यम से सांख्यिकी से समृद्धि की दिशा में एक नई पहल कर रही है। योजना से सरकार को डाटा के आधार पर बेहतर और सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। साथ ही डाटा और उसका विश्लेषण समय पर मिलने से सरकार बेहतर नीति बना सकेगी। समस्त विभाग बिना किसी रुकावट के डाटा साझा कर सकेंगे, जिससे काम में पारदर्शिता आएगी और कर्मचारियों की कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। स्वतंत्र शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं को भी डाटा उपलब्ध होगा, जिससे नई योजनाओं का निर्माण आसान होगा। नागरिकों को भी डाटा की जानकारी मिल सकेगी, जिससे शासन अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगा। डाटा की उपलब्धता से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और राज्य में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

गांधीसागर जल विद्युत गृह की इकाइयों के नवीनीकरण का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत संचालित (5×23) मेगावाट गांधीसागर एवं (4×43 मेगावाट) राणाप्रताप सागर जल विद्युत गृह के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए मध्यप्रदेश द्वारा देय राशि का अनुमोदन प्रदान किया गया। निर्णय अनुसार गांधीसागर जल विद्युत गृह की पांचों इकाइयों (5×23 मेगावाट) के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण की पुनरीक्षित अनुमानित लागत 464 करोड़ 55 लाख रुपये का अनुमोदन प्रदान किया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं ने रचा इतिहास, 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

देहरादून(आईएएनएस)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा जारी है। इस बार गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। चारधाम यात्रा में अब तक 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है।

उत्तराखंड सरकार में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कहा, ÷चारधाम यात्रा के लिए गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम के लिए कुल 47 लाख 27 हजार 619 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। साथ ही हेमकुंड साहिब के लिए 2 लाख, 16 हजार, 960 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 49 लाख, 41 हजार, 527 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराए हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में इस बार रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि अब तक यमुनोत्री धाम में 5 लाख, 73 हजार, 812, गंगोत्री धाम में 6 लाख, 47 हजार, 571, केदारनाथ धाम में 13 लाख, 91 हजार, 348, बदरीनाथ धाम में 11 लाख, 63 हजार, 867, और हेमकुंड साहिब में 2 लाख, 16 हजार, 305 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। कुल मिलाकर, सभी धामों में 39 लाख, 92 हजार, 903 तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। मंत्री ने बताया कि हरिद्वार चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है, और यहां हवाई अड्डा बनने से तीर्थयात्रियों को सुविधा होगी।

लिम्का बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की योजना

मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, इस रिकॉर्ड को लिम्का बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की योजना है, जिससे उत्तराखंड का नाम इतिहास में दर्ज हो। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाए जाने को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने से इसे लंदन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों से जोड़ा जा सकेगा। इससे विशेष रूप से भारतीय मूल के लोग अपने पूर्वजों की अस्थियों को गंगा में प्रवाहित करने के लिए आसानी से हरिद्वार पहुंच सकेंगे

मुंबई सीरियल ब्लास्ट: 12 आरोपी बरी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में 19 साल बाद 12 आरोपियों को बरी कर दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले ने देश की न्यायिक और राजनीतिक व्यवस्था में हलचल मचा दी है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) ने इस फैसले के खिलाफसुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सॉलिसिटर जनरल ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि इस मामले में तत्काल सुनवाई की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की अपील का संज्ञान लेते हुए कहा है कि वह इस मामले में गुरुवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट यह तय करेगा कि हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई जाए या नहीं और मामले की आगे की सुनवाई किस दिशा में चलेगी।

इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार की एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने भी बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि वर्ष 2006 में मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया। इस मामले में 12 आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। कोर्ट की ओर से इन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने विशेष टाडा न्यायालय की ओर से दोषी ठहराए गए सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया है। इनमें से 5 को मृत्युदंड और 7 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए उन्हें तुरंत जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। यह फैसला 19 साल बाद आया है। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति एस चांडक की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूतों में कोई ठोस आधार नहीं था।

स्पीकर ओम बिरला ने भी विरोध कर रहे सांसदों से किया अनुरोध

मानसून सत्र दूसरा दिन: विपक्ष का हंगामा, कार्रवाई स्थगित

■ विपक्ष का एसआईआर पर हल्लाबोल; सरकार का पलटवार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के चलते मंगलवार को पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्ष की मुख्य मांग थी बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जाए और इसे वापस लिया जाए। बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बाद बार-बार स्थगित होने के कारण सोमवार को सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी थी।

लोकसभा में आज क्या-क्या हुआ?

मंगलवार के दिन लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही सुबह 11 बजे शुरू हुई, कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। वे बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चर्चा की मांग कर रहे थे और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भी बहस चाहते थे। इस दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष से अपील की कि वे अपनी सीटों पर लौटें ताकि किसानों से जुड़े सवालों पर चर्चा की जा सके। स्पीकर ओम बिरला ने भी विरोध कर रहे सांसदों से अनुरोध किया कि वे नारेबाजी और तख्तियां दिखाना बंद करें क्योंकि इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है। लेकिन हंगामा जारी रहने पर सदन को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

दोपहर 12 बजे जब सदन फिर से शुरू हुआ तो स्थिति वैसी ही रही। इस बार बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल पीठासीन अधिकारी के रूप में थे। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वे अपने मुद्दे लिखित रूप में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में रखें। लेकिन हंगामा बढ़ता गया और कार्यवाही दोपहर दो बजे तक फिर स्थगित करनी पड़ी।

सरकार ने विपक्ष के रवैये की निंदा की

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की निंदा की। उन्होंने कहा, 'एक ओर वे बहस की मांग कर रहे हैं और दूसरी ओर खुद ही बहस नहीं होने दे रहे हैं। यह दोहरा मापदंड है।' उन्होंने कहा कि सोमवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय हुआ था कि पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा होगी। सरकार की ओर से कहा गया कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष खुद ही संसद का समय बर्बाद कर रहा है।

राज्यसभा में भी विपक्ष का एसआईआर को लेकर हंगामा

लोकसभा के साथ-साथ विपक्ष की तरफ से राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया गया। इस दौरान विपक्ष के सदस्यों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जमकर हंगामा किया। जिसकी वजह से आज पूरे दिन राज्यसभा में कोई भी काम नहीं हो सका। जैसे ही सदन की कार्यवाही सुबह शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य बिहार में एसआईआर, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चर्चा की मांग कर रहे थे।

ढाका विमान हादसा: भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार को भेजा पत्र

■ घायलों के इलाज में सहयोग की पेशकश

नई दिल्ली(आईएएनएस)। माइलस्टोन स्कूल हादसे को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग देने की पेशकश की थी। इसी क्रम में, भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को औपचारिक रूप से बांग्लादेश सरकार को पत्र लिखा है। भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार को पत्र लिखकर हादसे में घायल लोगों के लिए भारत में आवश्यक किसी भी महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता की जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है।

भारतीय उच्चायोग ने यह भी कहा कि घायलों के उपचार के लिए भारत की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं और समर्थन सुनिश्चित किया जाएगा। ढाका विमान हादसे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था,÷ढाका में हुए विमान हादसे में कई लोगों की (जिनमें अधिकतर छात्र हैं) मौत और घायल होने की खबर से बेहद दुखी और

स्तब्ध हूं। हम दुख की घड़ी में परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। भारत इस मुश्किल घड़ी में बांग्लादेश के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता देने को तैयार है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने मंगलवार को बताया है कि इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है, जिसमें 25 छात्र हैं। इन छात्रों में कई 12 साल से कम उम्र के हैं। अन्य दो पीड़ितों में विमान का पायलट और स्कूल शिक्षिका शामिल हैं। करीब 78 लोगों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में जारी है, जिनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। 20 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं, जबकि छह शवों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है; इनके डीएनए सैंपल ले लिए गए हैं।

दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला : ओलंपिक मेडल विनर को मिलेंगे 7 करोड़, छात्रों को दिया जाएगा लैपटॉप

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में शिक्षा और खेल समेत कई क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई गई। दिल्ली सरकार ने कैबिनेट में फैसला लिया है कि ओलंपिक गोल्ड जीतने पर खिलाड़ियों को 7 करोड़, सिल्वर जीतने पर 5 करोड़ और ब्रॉन्ज पर 3 करोड़ मिलेंगे। इसके अलावा, मेधावी छात्रों को सरकार की तरफसे लैपटॉप दिया जाएगा। दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने कहा, ÷मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें दिल्ली के लोगों, युवाओं, स्कूली शिक्षा और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर क्यूआर कोड का आदेश लागू रहेगा, सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक से किया इनकार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। कांवड़ यात्रा मार्गों पर ढाबा-रेस्तरां पर क्यूआर कोड अनिवार्यता का आदेश लागू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार किया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित खानपान की दुकान, ढाबों और रेस्तरां पर मालिकों के नाम बताने वाले क्यूआर कोड को अनिवार्य किया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की बेंच ने मंगलवार को सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला देते हुए आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार किया। जस्टिस सुंदरेश ने टिप्पणी करते हुए कहा, मैं एक धर्मनिरपेक्ष सोच वाला व्यक्ति हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से इससे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन यह पूरी तरह से व्यक्तिगत पसंद का मामला है। अगर कोई रेस्तरां शुरू से ही पूरी तरह शाकाहारी है, तो

उसमें कोई समस्या नहीं। लेकिन अगर वे केवल कांवड़ यात्रा के लिए अपने मेनू बदल रहे हैं, तो वहां समस्या खड़ी हो सकती है।÷

याचिकाकर्ताओं की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने क्यूआर कोड नियम को धार्मिक आधार पर प्रोफाइलिंग और मुस्लिम समुदाय का आर्थिक बहिष्कार करने वाला बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में पिछले फैसले का हवाला दिया। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, ÷पिछले साल ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के इस तरह के फैसले पर रोक लगाई थी। ऐसे में इस नए आदेश के पहले सरकार को अदालत से अनुमति लेनी चाहिए थी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक और टिप्पणी में कहा, बहुत से लोग ऐसे भी हैं, जो वहां भोजन नहीं करते जहां मांसाहार भी बनता है। ऐसे में यह जानने के लिए कोई संकेत होना चाहिए कि वहां क्या परोसा जा रहा है। धार्मिक भावनाएं आहत न हों, लेकिन साथ ही किसी की आजीविका भी प्रभावित न हो। हमें बीच का रास्ता निकालना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, हम सिर्फ यह आदेश पारित करेंगे कि सभी संबंधित होटल मालिक वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन का सर्टिफिकेट प्रदर्शित करने के आदेश का पालन करें। हम स्पष्ट करते हैं कि हम अन्य विवादित मुद्दों पर अभी विचार नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता बरुण सिन्हा ने कहा, ÷क्यूआर कोड के मामले में न्यायालय ने मंगलवार को कोई आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने सिर्फ मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर अंतरिम आवेदन पर अपना फैसला सुनाया।

फिर से सत्ता में आ सकती है हसीना

नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक मानष घोष ने दावा किया है कि अवामी लीग को बांग्लादेश की धरती से कभी नहीं मिटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना भी फिर से सत्ता में लौट सकती हैं। लेकिन इसके लिए हसीना को अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। घोष अपनी नई किताब- 'मुजीब की गलतियां: उनकी हत्या के पीछे की शक्ति और साजिश' के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह किताब लिखते समय उनका उद्देश्य था कि वे मुजीबुर रहमान को एक 'पवित्र और गलती न करने वाले' नेता की तरह न दिखाएं, बल्कि उनकी कमजोरियां भी सामने लाएं।

आधार, मतदाता और राशन कार्ड केवल पहचान के लिए मान्य

■ चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर को सही ठहराया

नई दिल्ली। बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने है। इसके लिए राज्यभर की राजनीति में गर्माहट तेज है। हालांकि गर्माहट का एक और बड़ा कारण चुनाव आयोग की तरफसे मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2025) के फैसले को लेकर भी है। जहां विपक्षी दल लगातार से चुनाव आयोग के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में मंगलवार को चुनाव आयोग ने बिहार में चल रहे एआईआर-2025 को लेकर उठ रहे सवालों पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर सफाई दी है। अपने हलफनामें में चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया चुनाव की पवित्रता बनाए रखने के लिए जरूरी है, क्योंकि इससे अयोग्य व्यक्तियों को मतदाता सूची से हटाया जाता है।

आधार से पहचान, नागरिकता नहीं

आयोग ने साफकिया कि आधार नंबर देना वैकल्पिक है और यह केवल पहचान के लिए लिया जा रहा है ना कि नागरिकता साबित करने के लिए। आधार अधिनियम, 2016 की धारा 9 के अनुसार, आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इसके साथ ही आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत का कोई भी नागरिक तभी वोट डाल सकता है जब वह 18 साल का हो और सामान्य रूप से उस क्षेत्र का निवासी हो। जो व्यक्ति इन योग्यताओं को पूरा नहीं करता, वह वोट का अधिकार नहीं रखता, इसलिए वह संविधान के अनुच्छेद 19 और 21के तहत कोई दावा नहीं कर सकता।

चंदन मिश्रा हत्याकांड: पुलिस मुठभेड़ में एक हमलावर गिरफ्तार

भोजपुर(आईएएनएस)। बिहार के भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह चंदन मिश्रा हत्याकांड के हमलावरों का एसटीएफऔर भोजपुर पुलिस से सामना हुआ। दोनों पक्षों में गोलीबारी हुई। इस दौरान दो बदमाश घायल हो गए और एक को गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, एसटीएफपटना को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदन मिश्रा हत्याकांड में शामिल तीन हमलावर बिहिया रेलवे स्टेशन के पास हथियारों के साथ मौजूद हैं। इसके बाद एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने इलाके को घेरकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो के पैर में

गोली लगी। इस दौरान एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। घायल बदमाश भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। दोनों घायलों को आरा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी एक ग्रामीण को भी निशाना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर दोनों को घायल कर दिया। गिरफ्तार और घायल बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है, ताकि चंदन मिश्रा हत्याकांड की गुत्थी पूरी तरह सुलझाई जा सके और बाकी फरार हमलावरों की भी गिरफ्तारी हो सके।

ममता बनर्जी ने बंगाली भाषा की अस्मिता को ठेस पहुंचाया: घोष

कोलकाता,(आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली भाषा की अस्मिता को बचाने के लिए 'भाषा आंदोलन' शुरू करने की बात कही है, जिसे लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो चुका है। अब उनके इसी आंदोलन पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि जिस ममता बनर्जी ने सत्ता में रहते हुए बंगाली भाषा की अस्मिता पर प्रहार किए, आखिर आज वही ममता बनर्जी किस मुंह से लोगों के बीच में भाषा आंदोलन करने की बात कह रही हैं भाजपा नेता ने दावा किया कि आज की तारीख में बंगाली लोगों की दुर्गति ऐसी हो चुकी है कि उन्हें जीविका के लिए दूसरे राज्यों की शरण लेनी पड़ रही है और वहां उन्हें हेय दृष्टि से देखा जा रहा है।

खरीफ फसलों की बुवाई का कुल क्षेत्रफल 708 लाख हेक्टेयर के पार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल में जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू सीजन में खरीफ फसलों की बुवाई का रकबा इस वर्ष अब तक बढ़कर 708.31 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह रकबा 580.38 लाख हेक्टेयर था।

बुवाई के रकबे में वृद्धि बेहतर उत्पादन के लिए अच्छा संकेत है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में भी मदद मिलेगी।

आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष 18 जुलाई तक चावल की बुवाई का रकबा 176.68 लाख हेक्टेयर है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह रकबा 157.21 लाख हेक्टेयर था।उड़द और मूंग जैसी दालों की बुवाई का रकबा 81.98 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह रकबा 80.13 लाख हेक्टेयर था। यह वृद्धि एक सकारात्मक प्रगति है क्योंकि दालों के उत्पादन में वृद्धि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आरोप-प्रत्यारोप | बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में जनसंख्या से ज़्यादा आधार कार्ड बने

एसआईआर के मुद्दे पर विरोध, विपक्ष कर रहा गुंडागर्दी, भारत कोई धर्मशाला नहीं: भाजपा

नई दिल्ली/ए.। भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बिहार मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर गुंडागर्दी का सहारा लेने का आरोप लगाया ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों समेत विदेशी लोगों को चुनाव में वोट देने का अधिकार मिल सके। बता दें कि बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और तख्तियां लहराकर लोकसभा की कार्यवाही

स्थगित करने पर मजबूर कर दिया। भाजपा ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध इसीलिए कर रहा है क्योंकि वह बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भी वोटिंग अधिकार दिलवाना चाहता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है। संविधान के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही वोट डाल सकते हैं। फिर जांच से आपत्ति क्यों?' उन्होंने दावा किया कि बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में जनसंख्या से ज़्यादा आधार कार्ड बने हैं। क्या ये नहीं जांचा जाना चाहिए कि कोई व्यक्ति एक से ज्यादा बूथ पर वोटर तो नहीं?'

विपक्षी सांसदों ने लोकसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करवा दी। वे लगातार नारेबाजी करते रहे- 'एसआईआर वापस लो!''संविधान से खिलवाड़ बंद करो!' जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी विपक्ष पर साधा निशाना और कहा 'विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बना रहा है ताकि संस्थाएं उनके इशारे पर चलें। यह संविधान की खुली अवहेलना है।'

विपक्ष ने एसआईआर के मुद्दे पर किया विरोध-प्रदर्शन

संसद भवन परिसर में विपक्ष के तमाम सांसदों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव समेत कई बड़े चेहरे इस प्रदर्शन में शामिल रहे। विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर जमा हुए और एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नारे लगाए। उनका आरोप था कि यह चुनावों में हेराफेरी के समान है। उन्होंने 'एसआईआर: भारतीय अधिकारों की चोरी' और 'एसआईआर: भारतीय गणराज्य को नुकसान पहुंचाना' लिखे हुए पेपर भी पकड़ रखे थे।

सीएम यादव के विदेश यात्रा से लौटने पर खाद्य मंत्री राजपूत ने दी शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को मिलेंगे नए आयाम

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई और स्पेन की सफल विदेश यात्रा के बाद मंगलवार को कैबिनेट बैठक से पूर्व खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री राजपूत ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह यात्रा मध्यप्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी सोच और निर्णायक नेतृत्व से प्रदेश में वैश्विक निवेश के नए द्वार खुलेंगे। श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह ऐतिहासिक यात्रा प्रदेश में औद्योगीकरण को नई गति देगी, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 से 19 जुलाई 2025 तक दुबई और स्पेन के प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने %ग्लोबल डायलॉग 2025% के तहत मध्यप्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार सृजन को लेकर अनेक वैश्विक कंपनियों और संगठनों से मुलाकाते की। दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डीपी वर्ल्ड, जेबेल अली फ्री जोन जैसे अंतर्राष्ट्रीय समूहों से मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर सकारात्मक चर्चा की। स्पेन में

उन्होंने ला लीगा मुख्यालय, यूरोपीय टेक्सटाइल निर्माता संघ और स्पेनिश फिल्म आयोग के अधिकारियों से बैठक कर खेल, पर्यटन और फिल्म उद्योग में संभावनाओं को टटोला। मुख्यमंत्री डॉ यादव की विदेश यात्रा के बाद प्रदेश में 11 हजार करोड़ से अधिक के निवेश की संभावनाएं बनी है, जिससे लगभग 14000 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

वैश्विक मंच पर चमकेगा मध्यप्रदेश

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की रणनीतिक पहल से आने वाले समय में प्रदेश में निवेशकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि होगी और इससे उद्योग, सेवा, खेल, पर्यटन, टेक्सटाइल व फिल्म सेक्टर में रोजगार और विकास के नए द्वार खुलेंगे। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सतत विकास की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रहा है। उनकी कार्यशैली और सोच ने प्रदेश को निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है।

न्यूज गैलरी

90 लाख की धोखाधड़ी की आरोपी साध्वी लक्ष्मीदास गिरफ्तार

एक साल से फरार थी; महंत का उत्तराधिकारी बनकर मंदिर के रुपए हड़पने का आरोप

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। छिंदवाड़ा में कनकधाम से जुड़ी करीब 90 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में एक साल से फरार रीना रघुवंशी उर्फ साध्वी लक्ष्मीदास पुलिस की गिरफ्त में आ गई है। सोमवार देर शाम चौरई पुलिस ने उसे नर्मदापुरम जिले के चांदपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। आज उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की रिमांड पर भेजा गया है। कोर्ट में पेशी के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बताया गया कि महंत कनक बिहारी दास रघुवंशी समाज से थे और समाज के बीच उनकी बड़ी श्रद्धा थी। मंदिर में हुई धोखाधड़ी से समाज में आक्रोश था। हालात को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।

महंत के अकाउंट से 90 लाख रुपए निकालने के आरोप

आरोप है कि कनकधाम के महंत कनकबिहारी दास की मृत्यु के बाद रीना ने उनके बैंक अकाउंट से 90 लाख रुपए निकाल लिए। वह खुद को महंत कनकबिहारी का उत्तराधिकारी बता रही है। वहीं, नए महंत श्याम दास महाराज का दावा है कि कनकबिहारी दास ने अपने जिंदा रहते बनाई गई वसीयत में उन्हें उत्तराधिकारी घोषित किया है। साध्वी ने तो महंत की मृत्यु के बाद जालसाजी करके उनका मोबाइल नंबर इश्यू कराया और श्रीराम जानकी मंदिर समिति के 90 लाख रुपए हड़प लिए। महंत श्याम दास महाराज के अनुसार, स्व. कनकबिहारी दास ने मंदिर के लिए 1 करोड़ रुपए दान देने की घोषणा की थी, लेकिन उनके निधन के बाद बैंक खाते में जमा 90 लाख रुपए अचानक गायब हो गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि स्वर्गीय महंत ने किसी को नॉमिनी नहीं बनाया था, इसके बावजूद बैंक से इतनी बड़ी रकम निकाल ली गई। मामले की एफआईआर 16 जुलाई 2024 को चौरई थाने में दर्ज कराई गई थी।

सरपंच का चुनाव लड़ चुकी है रीना

साध्वी लक्ष्मीदास उर्फ रीना रघुवंशी का परिवार विदिशा के खेजड़ा तिला गांव का रहने वाला है। फिलहाल भोपाल के कोलार में आईबीडी कैंपस के एक फ्लैट में रहता है। रीना 2022 में खेजड़ा तिला गांव से सरपंच का चुनाव भी लड़ चुकी है। रीना तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है। उसकी पढ़ाई विदिशा में हुई है। छोटी बहन की शादी भोपाल में हुई थी। उसके पति फार्मा इंडस्ट्री में हैं। फिलहाल वे साउथ अफ्रीका में हैं। भाई हर्ष भी साउथ अफ्रीका के तंजानिया में काम कर रहा था। फिलहाल वह भोपाल में है।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारी करें ग्राम भ्रमण एवं रात्रि विश्राम : मंत्री डॉ. शाह

'आदि कर्मयोगी अभियान : रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम' का हुआ शुभारंभ

भोपाल/नवप्रदेश। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि अधिकारी शासकीय योजनाओं को संवेदनशीलता से ग्राम स्तर पर लागू करें। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर रात्रि विश्राम भी करें, जिससे जनजातीय समुदाय की वास्तविक समस्याओं को समझ सकें। मंत्री डॉ. शाह मंगलवार को केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राज्य के जनजातीय कार्य विभाग के समन्वय से जनजातीय सशक्तिकरण की दिशा में 'आदि कर्मयोगी अभियान ~ रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम' के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अभियान के तहत 22 से 28 जुलाई 2025 तक सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होटल रेजन्टा पैलेस आईएसबीटी कैम्पस में किया जायेगा। प्रशिक्षण में उत्तरप्रदेश,

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश से 24 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। अभियान में 12 राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण उपरांत 50 जिलों में प्रति जिला 07-07 मास्टर ट्रेनर्स अर्थात कुल 350 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये मास्टर ट्रेनर्स विकासखण्ड स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देंगे, जो आगे ग्राम स्तर के कर्मयोगियों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग सहित स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभागों के प्रतिनिधि शामिल हैं। ये सभी विभाग आपसी समन्वय से इस अभियान को ग्राम स्तर तक पहुंचाएंगे। 'आदि कर्मयोगी अभियान' का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को स्वार्थ रहित, पूर्ण निष्ठा एवं संवेदनशीलता से निभाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है।

शुभारंभ सत्र में केन्द्रीय सचिव जनजातीय कार्य मंत्रालय श्री विभु नायर, उत्तरप्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव श्री वेकेंटेश्वरालू एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रमुख सचिव श्री सोनमोनी बोराह वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, जनजातीय कार्य श्री गुलशन बामरा, केन्द्रीय संयुक्त सचिव श्री अजीत श्रीवास्तव, उप सचिव श्री जफर मलिक एवं आयुक्त सह संचालक, जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएं श्रीमती वंदना वैद्य ने भी संबोधित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन की टीम द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष पद्मश्री श्री गिरीश प्रभुणे हैं। श्री प्रभुणे ने फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी एवं बताया कि जनजातीय समुदायों के पास पारंपरिक ज्ञान एवं कौशल की समृद्ध विरासत है, जो उन्हें स्वाभाविक रूप से कर्मयोगी बनाती है। वे अपने कर्म के माध्यम से अपने अस्तित्व और संस्कृति का संरक्षण कर रहे हैं।

लाड़ली बहना के पैसों से बच्चे शराब पी रहे: खंडवा में जनसुनवाई में 100 से ज्यादा महिलाएं शिकायत लेकर पहुंचीं

खंडवा/नवप्रदेश। खंडवा जिले के पिपलोद थाना क्षेत्र के बलवाड़ा गांव में अवैध शराब बेचने के खिलाफ मंगलवार को 100 से ज्यादा महिलाएं जनसुनवाई में पहुंचीं। महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि गांव में कच्ची शराब खुलेआम बिक रही है। बच्चे लाड़ली बहना योजना के पैसे शराब में उड़ा रहे हैं। घर का राशन, शक्कर, तेल सब कुछ बेच देते हैं। महिलाओं ने बताया कि गांव के युवा सुबह 7 बजे से ही शराब पीना शुरू कर देते हैं। खुलेआम चौराहों पर बैठकर पीते हैं और घर लौटकर मारपीट करते हैं। रोज झगड़े होते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इस कारण परेशान होकर जनसुनवाई में आना पड़ा।

लाड़ली बहना के पैसे छीन लेते हैं बच्चे

बलवाड़ा की किरण दांगोरे और लीलाबाई ने बताया कि कुछ युवक शराब पीने के लिए लाड़ली बहना योजना के खाते में आए पैसे तक छीन लेते हैं। घर में रखा अनाज बेच देते हैं। अब घर में खाने को दाना भी नहीं बचा। शादी की उम्र के लड़कों के रिश्ते भी सिर्फ शराब की वजह से नहीं हो पा रहे हैं।

महिलाएं बोलीं- गांव को नशामुक्त बनाएं

जनसुनवाई में शामिल महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री पर फौरन रोक लगाई जाए। साथ ही गांव को नशामुक्त बनाया जाए। महिलाओं ने कहा कि गांव पूरी तरह से नशे की गिरफ्त में आ गया है। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो हालात और खराब हो जाएंगे। जनसुनवाई में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य संजय शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला-बाल विकास) रत्ना शर्मा और उपायुक्त सहकारिता संजय सिंह आर्य गैरहाजिर रहे। इस पर कलेक्टर ने तीनों को कारण बताओ नोटिस

मध्य क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को 1498.62 करोड़ से अधिक की सब्सिडी दी गई

भोपाल/नवप्रदेश। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का प्रदेश में प्रभावी और पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल के दौरान मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 30 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को करीब 1498 करोड़ 62 लाख रूपए से अधिक की सब्सिडी दी गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि वर्ष 2024- 25 में सबसे ज्यादा सब्सिडी भोपाल क्षेत्र के राजगढ़ वृत्ड़त के उपभोक्ड़ताओं की 115 करोड़ 63 लाख रूपए से अधिक की सब्सिडी प्रदान की गई है। इसी तरह से ग्ड़वालियर क्षेत्र के शिवपुरी वृत्ड़त के उपभोक्ड़ताओं को सर्वाधिक 125 करोड़ 87 लाख रूपये की सब्सिडी प्रदान की गई है। यह सब्सिडी घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को दी गई है। उपभोक्ताओं के बिल पर सब्सिडी का भी उल्लेख रहता है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि दैनिक 5 यूनिट अधिकतम खपत एवं माह में 150 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ता इस योजना की पात्रता रखते हैं। इन्हें प्रथम सौ यूनिट तक बिजली 100 रूपए में

सुंदर-स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का उपहार है पौधरोपण - सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक दिवसीय पौधरोपण अभियान में लगाया बेल-पत्र का पौधा

राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में हुआ पौधरोपण

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सौभाग्य का विषय है कि मध्यप्रदेश में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक वन संपदा विद्यमान है। वृक्ष ही पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं। कार्बन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन का परस्पर एक दूसरे पर अवलंबन ही धरा पर जीवन प्रदान करता है। सावन के महीने में पौधारोपण का संकल्प राजधानी की आने वाली पीढ़ियों को सुंदर,

स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का उपहार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को नगर निगम भोपाल और भोजपाल मित्र परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में सामूहिक वृहद् पौध-रोपण कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेल-पत्र का पौधा रोपा एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरुकता का संदेश देती पेंटिंग्स और प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि अतीत में जो क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, वहां दोबारा पौधारोपण करना आवश्यक है। पौधारोपण से प्रभावित क्षेत्र पुनः हरे-भरे और जीवंत हो उठेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पुनीत कार्य में समर्पित संस्थाओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। एक दिवसीय वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के तहत भोपाल शहर में 5100 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय सहित जनप्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

पंचायत उप निर्वाचन में हुआ 70.51 प्रतिशत मतदान

सागर और दमोह में हुआ आईपीबीएमएस से मतदान

भोपाल/नवप्रदेश। पंचायत उप निर्वाचन 2025 में त्रि-स्तरीय पंचायतों में रिक्त पद के लिये मंगलवार को मतदान हुआ। सरपंच पद के लिये 49 और जनपद पंचायत सदस्य के 5 पदों के लिये मतदान हुआ। कुल 70.51 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने बताया कि खास बात यही रही कि सागर जिले की 4 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिये 9 मतदान केन्द्रों और दमोह जिले के वार्ड-16 के जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिये 9 मतदान केन्द्रों में मतदान इंटिग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीबीएमएस) से कराया गया। इन मतदान केन्द्रों की मतदान प्रक्रिया का लाइव प्रसारण भी किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय के सामने तथा सागर और दमोह में एक-एक स्क्रीन लगाई गई इसमें मतदान प्रतिशत सहित अन्य जानकारियां लोगों ने लाइव देखीं। सागर जिले में मतदान का प्रतिशत 74.61 रहा।

मतदाताओं ने की पेपरलेस मतदान प्रक्रिया की सराहना

सागर जिले के जनपद पंचायत जैसीनगर की ग्राम पंचायत अगरा, औरिया, जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत मुहासा और जनपद पंचायत राहतगढ़ की ग्राम पंचायत सेमरा-लहरिया के मतदान केन्द्रों में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से मतदान कराया गया। मतदाताओं ने पेपरलेस मतदान

प्रक्रिया को बहुत अच्छा कदम बताया और कहा कि वोट डालने में कम समय लगा और आसानी से वोट डाल सके।

आईपीबीएमएस प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिये राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव डॉ. सुतेश शाक्य और श्री मुकुल गुप्ता के नेतृत्व में टीम भी गठित की गई थी। उप सचिव श्रीमती संजू कुमारी ने पूरी प्रक्रिया का सतत् पर्यवेक्षण कर जरूरी मार्गदर्शन दिया।

इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस बूथ की नवीन पहल की गई है। इस प्रक्रिया में मतदान केन्द्रों में मतदाता और मतदानकर्मियों द्वारा किये जाने वाला पूरा काम डिजिटल माध्यम से किया जाता है। उल्लेखनीय है कि इस नवीन पहल के तहत वर्ष 2024 में भोपाल जिले के बैरसिया तहसील की ग्राम पंचायत रतुआ रतनपुर और रीवा जिले के अतरैला ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिये मतदान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। जनपद पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिये पहली बार इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से

दहेज हत्या के फरार तीन आरोपी शाहजहांनाबाद से गिरफ्तार

बेगमगंज पुलिस ने देर रात दी दबिश, आरोपियों को लेकर भोपाल से रवाना

भोपाल/ नवप्रदेश। शाहजहांनाबाद इलाके की वाजपेयी नगर मल्टी में छिपे दहेज हत्या के तीन फरार आरोपियों को मंगलवार तड़के रायसेन जिले की पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मृतका का सास-ससुर और एक अन्य रिश्तेदार शामिल है। ये सभी रायसेन जिले के बेगमगंज थाने में दर्ज दहेज हत्या के मामले में वांछित थे और फरारी काटते हुए भोपाल में रिश्तेदार के घर पर छिपे हुए थे। जानकारी के मुताबिक, बीते सोमवार देर रात मृतका के पिता शाहजहांनाबाद थाने पहुंचे थे। वे रायसेन के बेगमगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी 23 वर्षीय बेटी उरूसा ने करीब 17 दिन पहले जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद बेगमगंज थाने में उरूसा के पति मोहम्मद मुशीर, सास बिल्कीस बी और ससुर मोहम्मद मुकीद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला दर्ज किया गया है। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उरूसा पर दहेज के लिए मानसिक दबाव बना रहे थे। उसे लगातार ताने दिए जाते थे और प्रताड़ित किया जा रहा था। तंग आकर उरूसा ने जान दे दी। पुलिस ने मामले में पति मोहम्मद मुशीर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि सास, ससुर और एक अन्य रिश्तेदार फरार चल रहे थे। सूचना मिलने पर रायसेन पुलिस ने शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के सहयोग से देर रात वाजपेयी नगर मल्टी में दबिश दी और तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

सुविचार

परेशान तो इस दुनिया में सभी लोग हैं। कोई सच में परेशान है तो कोई सच से परेशान है। - अज्ञात

उपराष्ट्रपति का इस्तीफा चौकाने वाला

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपने पद इस्तीफा देना निश्चित रूप से एक चौकाने वाली घटना है। भारत देश संसदीय इतिहास में संभवतः यह पहली बार हुआ है। जब संसद सत्र के चलते किसी उपराष्ट्रपति ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दिया हो। उपराष्ट्रपति संसद के सर्वोच्च सदन कहे जाने वाले राज्यसभा के सभापति भी होते हैं जो सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। ऐसे में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का यूं अचानक स्वास्थगत कारणों से इस्तीफा देना एक बड़ी राजनीतिक घटना है। जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के सभापति होने के नाते मानसून सत्र के पहले दिन सदन का कामकाज सहज रूप से निपटाया उन्होंने राज्यसभा के लिए चुने गये नये सदस्यों को शपथ दिलाई। फिर उन्होंने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके जन्मदिन की बधाई दी और सदन में चर्चा की शुरूआत भी कराई किन्तु विपक्ष के हंगामें के कारण दोपहर बारह बजे सदन की कार्यवाही दो घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान कहीं से भी यह नहीं लग रहा था कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ किसी तरह के तनाव में हैं। किन्तु दोपहर बाद वे सदन में ही नहीं आये और उनके स्थान पर उपसभापति हरिवंश ने सदन का संचालन किया। देर शाम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया। जिसमें उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह अपने खराब स्वास्थ्य को बताया है। किन्तु यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। नतीजतन जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे को लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि जगदीप धनखड़ हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान बेहोश हो गये थे और उन्हें तीन दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ा था। ऐसे में उनके स्वास्थगत कारणों की अनदेखी नहीं की जा सकती। वैसे भी उपराष्ट्रपति का पद बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्हें कई बार आठ से दस घंटे तक सदन की कार्यवाही का संचालन करना पड़ता है। जहां तक जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर विपक्षी नेताओं के बयानों की बात है तो वे इसे चौंकाने वाला निर्णय बता रहे हैं। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी का कहना है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा रहस्यमय है। वहीं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि उन्होंने दबाव के चलते यह इस्तीफा दिया हो सकता है जो राजस्थान के लिए एक बड़ा झटका है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जगदीप धनखड़ के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। अभी तक तो राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वीकार्य नहीं किया है लेकिन जगदीप धनखड़ शायद ही अपना इस्तीफा वापस लेंगे। जगदीप धनखड़ किसी का दबाव कभी नहीं लेते हैं। जब वे बंगाल के राज्यपाल थे तब भी उन्होंने किसी भी तरह के दबाव के आगे झूकना स्वीकार्य नहीं किया था। बाद में जब वे उपराष्ट्रपति बने तब भी वे एक अनुशासन प्रिय सभापति के रूप में राज्यसभा का संचालन करते रहें। इस बीच उन्हें कई बार अप्रिय स्थिति का सामना भी करना पड़ा किन्तु वे गलत बात कभी बर्दाशत नहीं करते थे। विपक्ष का सदस्य हो या सत्ता पक्ष का सदस्य वे किसी को भी फटकार लगाने में संकोच नहीं करते थे। एक बार तो टीएमसी के एक सांसद ने संसद परिसर में ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिकिरी करके उनका मजाक भी उड़ाया था। इस पर भी वे विचलित नहीं हुए थे ऐसे में यह नहीं लगता कि किसी दबाव में आकर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया हो। बहरहाल उनके इस्तीफे को लेकर तरह तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं और विपक्ष उनके इस्तीफे पर सवाल खड़े कर रहा है। अब तो यह जगदीप धनखड़ ही आगे चलकर इस बात खुलासा कर सकते हैं कि उन्होंने इस्तीफा देने का जो कारण बताया है वह कितना सही है। इस बीच धकखड़ के इस्तीफ के बाद गहमागहमी के चलते आज भी राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही में अवरोध आया है। उपराष्ट्रपति के इस्तीफे के बाद अब उपसभपति ही राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन करेंगे और जल्द से जल्द उपराष्ट्रपति पद का चुनाव भी कराया जाएगा। धनखड़ के इस्तीफे के बाद अब नए उपराष्ट्रपति के नाम को लेकर भी मंथन शुरू हो गया है।

योगेश कुमार गोयल

सावन शिवरात्रि : भस्म, डमरू और त्रिनेत्रधारी शिव की अर्चना का पुण्यकाल

शिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। हालांकि पूरे साल मनाई जाने वाली इन शिवरात्रियों में से दो की मान्यता सर्वाधिक है, फाल्गुन महाशिवरात्रि और सावन शिवरात्रि। प्रायः जुलाई या अगस्त माह में मानसून के सावन महीने में मनाई जाने वाली सावन शिवरात्रि को कांवड़ यात्रा का समापन दिवस भी कहा जाता है। मान्यता है कि जो भी भक्त इस दिन भगवान शिव अथवा शिवलिंग पर जल अर्पित करता है, भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस साल सावन शिवरात्रि का पर्व 23 जुलाई को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 जुलाई को सुबह 4 बजकर 39 मिनट पर हो रही है और यह तिथि अगले दिन यानी 24 जुलाई को अर्धरात्रि में 2 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में श्रद्धालु शिवरात्रि पर ब्रह्म मुहूर्त में भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर सकते हैं।

विभिन्न हिन्दू तीर्थ स्थानों से गंगाजल भरकर शिवभक्त अपने स्थानीय शिव मंदिरों में इस पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार भारत में सावन शिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन तीर्थस्थलों के गंगाजल से जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। सावन शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान और लोभ से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह व्रत कुंवारी कन्याओं के लिए श्रेष्ठ माना गया है और यह व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान तथा लोभ से भी मुक्ति मिलती है।

सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और



पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं।

शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया।

यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

एसआईआर की आंच से तपने लगा पश्चिम बंगाल

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी एसआईआर के विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है।

ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है। गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है। हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर पश्चिम बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। बीती 21 जुलाई को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। वास्तव में, ममता के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी है। एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है। सब कुछ जानते बूझते हुए भी ममता एसआईआर को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बाण चला रही हैं। भला एसआईआर करवाने या न करवाने से भाजपा का क्या संबंध? सोचिए, पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ, और ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी से तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी को समझा जा सकता है। ममता बनर्जी का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के मन में आदर का भाव बचा ही नहीं है। सीबीआई के अधिकारियों को बंधक बनाने से लेकर ईडी के अधिकारियों पर प्राणघातक हमले में प्रदेश सरकार और तृणमूल कांग्रेस की भूमिका जगजाहिर है। अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फबिल के विरोध में ममता ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में वक्फकानून लागू नहीं होने देंगे।

भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है। ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण ÷पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है।' संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है। तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है। बीते मार्च पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि पष्चिम बंगाल में 13 लख से अधिक फर्जी या डुप्लीकेट मतदाता हैं।

बीती जून को सिलीगुड़ी में फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने किया था। राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गर्माया हुआ है। ममता बनर्जी ने 'फेक वोटर' की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है। जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नज़र 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज़्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी। ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है। इसलिये उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं। लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है।

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

सद्गुरू बोधामृतम्

◆ भौतिक सुख क्यों खरीदना चाहते हैं? क्योंकि विचार में, परिवेश में ये जहर घुल गया है कि व्यक्ति जितना भौतिक रूप से उन्नत होगा उतना ही आनंदित, उतना ही प्रसंन्न और उतना ही सुखी होगा जो कि निहायत ही गलत है। पूर्व से पश्चिम तक नितांत गलत धारणा।

◆ सुनते-सुनते ही जीव को भगवान के ऊपर विश्वास होता है। सुनते-सुनते ही जीव को क्या होता है? गुरु के ऊपर विश्वास होता है! भक्तमाल की जितनी भी कथा सुनो।

◆ संशय मत रखो ! यही तो बात है तुम सोचते हो भगवान कुछ दिखा दें तब हम कुछ मांगे और भगवान कहते हैं सब त्याग दो तब तुम को दिखायेंगे। यही तो लड़ाई चलता है भक्त और भगवान में, भक्त और भगवान के बीच। भक्त और भगवान दोनों सुलझे हुए हैं, अभय हैं।

◆ एक एक पल को अंतिम पल समझकर सही जगह निवेश करो, गुरु ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाओ।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1829 अमेरिका के विलियम ऑस्टिन बर्ट ने टाइपोग्राफका पेटेंट कराया था, जिसने टाइपराइटर की नींव रखी। 1840 कनाडा के प्रांत संघ के अधिनियम द्वारा बनाए गए। 1863 उत्तरी लंदन में एलेक्जेंड्रा पार्क खोला गया। 1881 इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जिमनास्टिक्स, दुनिया का सबसे पुराना खेल संघ, लीज, बेल्जियम में स्थापित किया गया था। 1903 फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बेची। 1905 अल्फ्रेड डीकीन दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने। 1952 यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय की स्थापना की गयी। 1960 यूसुफबिन इशक ने सिंगापुर में सेंट जॉन एम्बुलेंस का मुख्यालय का उद्घाटन किया। 1970 कबूस ने अपने पिता सैद बिन तैमूर को उखाड़ फेंका जो सुल्तान ऑफ़ओमान बन गया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आसमान में कड़के नहीं है ग़म

आसमान में कड़के बिजली घन बरसे पूरे ही महीना, पेड़ों पर छाई हरियाली सावन है बारिश का महीना। रिमझिम रिमझिम सावन आया चातक, मोर पपीहा लाया, टर्र- टर्र करता दादुर भी संग में उछल-उछल कर आया। सौंधी मिट्टी की खुशबू है चारों तरफहै फूल, सावन में शंकर पूजन को जायें कैसे भूल। राखी का त्योहार है इसमें भाई-बहन का प्यार है जिसमें छोड़ें कोई कमी ना सावन है बारिश का महीना। – **जे डी कुदाल**

नहीं है ग़म कि मैं असफल रहा हूं मैं हर इक हाल में अड़ियल रहा हूं जो मरते-मरते फिर से जी उठा है कभी इस तौर भी घायल रहा हूं मेरी गगरी में गंगा जल है लेकिन किसी के इश्क में मैं जल रहा हूं तेरी चाहत के कांवड़ को उठा कर मैं इक अरसे से पैदल चल रहा हूं मैं अपने दिल की सुनता हूं हमेशा तभी दुनिया को शायद खल रहा हूं जिसे भगवान कहता है ज़माना मैं उसके साथ पोलिटिकल रहा हूं। – **राजीव कुमार**

स्त्रीत्व की जो नींव हम भविष्य में देखना

स्त्रीत्व की जो नींव हम भविष्य में देखना चाहते हैं, वह बालिका के बचपन में ही रखी जाती है। वह नींव अगर सशक्त होगी, तो समाज में स्त्रियों के अधिकार, गरिमा और स्वायत्तता की इमारत भी टिकेगी। और अगर वह नींव ही डर, दबाव और चुप्पी से बनी होगी, तो चाहे कितने ही 'नारे' लगाए जाएँ, बदलाव संभव नहीं होगा। इसलिए हर बालिका को वह ज़मीन देनी पड़ेगी। जहाँ वह बीज की तरह बोई जाए, और वामा की तरह खिल सके। संरक्षण से नहीं, सहचर्य से विकसित होती हैं बालिकाएँ। – **कल्पना मनोरमा**

र'गों में बचा के रखी अभी

र'गों में बचा के रखी अभी र'वानी लिखेगा, ये तो किस्सा है अनमोल कहानी लिखेगा, तू साज़िशों से,मैं कोशिशों से बाज़ न आऊं, देखें तक़दीर को कौन अपनी रानी लिखेगा, मेरी आंखों से जो पीर की नदी उतर चुकी है, जग जब लिखेगा उसे बूंद भर पानी लिखेगा। – **अनिल अनमोल शर्मा**

बड़े जतन से ये मेरा जीवन

बड़े जतन से ये मेरा जीवन हसीन यादों ने है सँवारा हसीन लम्हे, हसीन साथी, हसीं है महफ़िल, हसीं नज़ारा न कोई देखे, न जान पाए कभी मेरे रंजो-दर्दो-ग़म को तभी बनाया है मैंने दिल में उदासियों का अलग इदारा। – **निरूपमा चतुर्वेदी**

सूरज की किरणें बिखरे उजियारा,हर

सूरज की किरणें बिखरे उजियारा,हर सुबह लाती एक नया इशारा अंधेरे को चीरता वो दीप बने, सपनों में उम्मीदों की सीप बने कभी तपिश से सिखाए सब्र का पाठ,कभी रोशनी से करे दिल को साथ जीवन की हर राह को रोशन करे सूरज हर दिन नई कहानी कहे। – **मधुबाला मौर्या**

चकवा ताके चाँद को, मिली नहीं सौगात

चकवा ताके चाँद को, मिली नहीं सौगात। बादल की साज़िश रही, गया न पूरी रात।। मेघ-पटल को चीरकर, फैली आभा रात। हुआ चन्द्र को देखकर, शीतल चातक गात।। साँझ रात में ढल गई, तारे जगमग व्योम। चकवा चंदा ताकता, भोर भए तक जोम।। – **अंशु विनोद गुप्ता**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपमें उतावलापन अधिक रहेगा जिसके कारण समस्याएं सुधरने की जगह और गहरी हो सकती है।

वृषः आपका आज का दिन छोटी मोटी उलझनों को छोड़ सामान्य ही रहेगा। व्यवस्तता अधिक रहने से पारिवारिक आवश्यकताओ पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

मिथुनः आज के दिन मौज-शौक के प्रति अधिक आकर्षण रहेगा जिसके चलते आप कार्यो के प्रति लापरवाही दिखाएंगे।

कर्कः आज का दिन विपरीत फल देने वाला रहेगा। पूर्व निर्धारित योजनाएं अधूरी या असफल हो सकती है।

सिंहः आज का दिन सभी प्रकार से लाभ देने वाला रहेगा परन्तु आज आपको किसी अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता पड़ेगी।

कन्याः आज भी परिस्थितियां आपकी आशाओं के अनुकूल रहेंगी परन्तु आज किसी विशेष व्यक्ति द्वारा भ्रम की स्थिति बनाने से असमंजस में पड़ सकते है।

तुलाः आज के दिन आपका स्वास्थ्य उत्तम रहने से मानसिक रूप से किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन का पूर्वार्ध परेशानी वाला रहेगा। कहीं से कोई भी आशा नहीं दिखने से बेचैन रहेंगे।

धनुः आज का दिन आपकी आशाओं की पूर्ति कराने वाला रहेगा। दिन भर मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे।

मकरः आज दिन का पहला भाग आलस्य के कारण बेकार हो सकता है। लेट-लतीफी के कारण महत्त्वपूर्ण कार्य बिगड़ने की भी संभावना है।

कुंभः आज का दिन राहत का अनुभव करेंगे। कार्यो को लेकर पहले थोड़ा आशंकित रहेंगे।

मीनः आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। घर एवं बाहर आज विवेक से कार्य करें। सन्तानो से स्वार्थयुक्त सम्बन्ध रहेंगे। लंबी यात्रा टाले हानि हो सकती है।

सूर्योदय : 05:50, सूर्यास्त : 07:16, चन्द्रोदय : 27:26, चन्द्रास्त : 17:27, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (कालयुक्त), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : व्याघात, प्रथम करण : तैतिल (07:05 तक), द्वितीय करण : गर (17:51 तक)।

॥ गोचर ग्रहः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : मिथुन (08:14 से), मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) पक्षियों को बहुत ऊँचाई पर उड़ते समय साँस की परेशानी क्यों नहीं महसूस होती?

2) भारत के प्रथम दलित मुख्य न्यायाधीश कौन बने?

3) हाल ही में हेल्थ साथी योजना किसने लॉन्च की है?

4) इक्थियोलॉजी में किसका अध्ययन किया जाता है?

5) हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति को कौन सी पारंपरिक पेंटिंग उपहार में दी?

उत्तरावली- (1) उनकी अतिरिक्त वायु-कोष होते हैं (2) के जी बालकृष्णन (3) पेटिंग (4) तरल की सतहों और कार्बनिक इलाके का अध्ययन (5) सोहराय पेंटिंग

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -117

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 116 का हल

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही	■	■
मा	■	खू	ब	■	दू	र	स्थ	■
ना	दा	न	■	सा	ग	■	ल	क्ष्य
■	न	ख	■	त	र	ल	■	■
■	बी	रा	न	■	■	च	ट	क
■	र	ब	■	आ	ज	क	ल	■
■	■	■	आ	ग	■	दा	ना	■
■	अ	ग	र	म	ग	र	■	क्रो
भा	भी	■	ती	न	■	■	ब	ध

न्यूज गैलरी

नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस सेवाओं का होगा विस्तार

नागरिक सेवाएँ ई-नगर पालिका 2.0 एवं ऐप के माध्यम से देने का प्रयास

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश में नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केंद्रीयकृत वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 संचालित हो रही है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से नगरीय निकायों में चल रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2025-26 में ई-गवर्नेंस-आईटी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की है। नगरीय निकायों की सभी सेवाओं को ऑनलाइन नवीन तकनीक से अपग्रेड किया जायेगा। समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों के सतत् और योजनाबद्ध विकास तथा विभागीय कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिये रियल टाइम डेशबोर्ड विकसित किया जा रहा है। विभाग की एआई गार्ड योजना में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग किये जाने की भी योजना तैयार की गई है। ई-गवर्नेंस में ज्योग्रोफिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम (जीआईएस) के संयोजन के साथ शहरी विकास और सेवा विस्तार में आधुनिक पारदर्शी और डेटा संचालित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जायेगी। जीआईएस पोर्टल पर 90 से अधिक महत्वपूर्ण डाटा लेयर्स का प्रयोग कर इसका विकास किया जायेगा। ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम 3.0 पोर्टल (एबीपीएएस) के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा समस्त नगरीय निकायों में प्रदाय की जायेगी। इसके साथ ही कॉलोनी विकास अनुज्ञा को भी ऑनलाइन किये जाने को इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस एवं आईटी के विस्तार में व्हाट्सएप चेटबोट के माध्यम से नगरीय निकायों के सभी प्रकार के कर एवं गैर करों के बिल भुगतान की सुविधा एवं सेवाओं की जानकारी देने का प्रयास किया जायेगा।

मंत्री टेटवाल ने वीरगति प्राप्त जवान श्री नागर को दी श्रद्धांजलि

राजकीय सम्मान के साथ दी गई विदाई

भोपाल/नवप्रदेश। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने जम्मू-कश्मीर में देशसेवा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए राजगढ़ जिले के ग्राम टूटियाहेड़ी निवासी भारतीय सेना के जवान हरिओम नागर को मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। मंत्री श्री टेटवाल ने स्व. नागर की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजन से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि हरिओम नागर जैसे साहसी और राष्ट्रनिष्ठ सपूतों के कारण ही भारत की आत्मा जीवित रहती है। उनका बलिदान समूचे राष्ट्र का गौरव है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। राज्य सरकार शहीद के परिवार के साथ हर कदम पर खड़ी है। शहीद हरिओम नागर की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिये गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। राजगढ़ जिले के पचोर नगर से टूटियाहेड़ी तक शहीद की अंतिम यात्रा में अपार जन सैलाब उमड़ा। %भारत माता की जय% और %शहीद हरिओम नागर अमर रहें% के नारों से गूंजते माहौल में पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि दी गई। महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने भावविभोर होकर नम आंखों से अंतिम दर्शन किए।

ग्राम टूटियाहेड़ी में सेना की टुकड़ी द्वारा सैन्य परंपराओं के अनुसार शहीद नागर को अंतिम सलामी दी गई। तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। हवाई फायरिंग, राष्ट्रगान और मौन श्रद्धांजलि के साथ पूरे गांव ने शहीद हरिओम नागर को अंतिम विदाई दी। मंत्री श्री टेटवाल ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि शहीदों का सम्मान केवल श्रद्धांजलि तक सीमित न हो, बल्कि उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए हमें अपने कर्तव्यों और नागरिक उत्तरदायित्वों को भी निभाना चाहिए। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सांसद श्री रोडमल नागर, विधायक श्री अमर सिंह, श्री ज्ञान सिंह गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी और हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने विभागीय विषयों की समीक्षा की

भोपाल/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण स?क योजना, पंचायती राज, पीएम पोषण शक्ति अभियान आदि के अंतर्गत जारी कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभाग के अंतर्गत सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें एवं कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग की जाये। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संचालक पंचायत राज संचालनालय श्री छोटे सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी

अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में पुख्ता सूचना-तंत्र की व्यवस्था हो सुनिश्चित : सीएम यादव

मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की

राहत कार्यों और शिविरों के प्रबंधन में सामाजिक संस्थाओं को भी सहभागी बनाएं

राज्य सरकार जनसामान्य की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील

आगामी त्यौहारों में उचित व्यवस्था और आवश्यक सावधानी बरतें

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में जान-माल की हानि न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना-तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए। राज्य शासन जनसामान्य की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। बाढ़ उन्मुख नदियों के लेवल पर लगातार निगरानी रखी जाए, बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का पूर्व आंकलन कर राहत कैम्प की तैयारी रखें। आवश्यकता होने पर राहत शिविर लगाकर आवास और भोजन उपलब्ध कराया जाए। इन कार्यों में आवश्यकता होने पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की मंत्रालय में समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्षाकाल में आने वाले त्यौहारों में उचित व्यवस्था और आवश्यक सावधानियां बरतना जरूरी हैं। आपदाओं से बचाव के संबंध में सामान्य जानकारियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और जनसामान्य को मॉकड्रिल व आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण में भी शामिल किया जाए। बैठक में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में अब तक 61 प्रतिशत से अधिक वर्षा हुई है। सर्वाधिक वर्षा टीकमगढ़, मंडला, छतरपुर, निवा?ी और सीधी में दर्ज की गई। आगामी माहों में वर्षा के अनुमान को देखते हुए प्रदेश में बाढ़ और अतिवृष्टि से बचाव के लिए एनडीआरएफ की 2 टीमों को भोपाल में, एक-एक टीम जबलपुर, ग्वालियर और धार में तैनात की गई हैं। एसडीईआरएफ की टीमें भी तैनात हैं। आपदा की स्थिति में सेना से सहायता प्राप्त करने के लिए सेना के जिलेवार नोडल अधिकारियों की सूची जिलों को प्रदान की गई है। जिलों को मोटर बोट, लाइफ जैकेट, फ्लड लाइट, प्राथमिक उपचार किट और अन्य आपदा उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं। बैठक में प्रदेश के बांधों में जलभराव की स्थिति की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

हमीदिया अस्पताल, कॉलेज-स्कूल राष्ट्रभक्तों के नाम से हो: निगम अध्यक्ष

भोपाल में निगम अध्यक्ष बोले- सीएम को पत्र लिखे, मिलकर भी रखूंगा मांग

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल नगर निगम परिषद की 24 जुलाई को होने वाली बैठक में नाम बदलने को लेकर दो प्रस्ताव आएंगे। एक पुराने अशोका गार्डन का नाम राम बाग और दूसरा विवेकानंद पार्क के पास के चौराहे का नाम विवेकानंद चौक करना है। इस बीच राजधानी में अस्पताल, कॉलेज और स्कूल के नाम बदलने को लेकर सियासत भी तेज हो गई है।

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल का नाम बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि इसके लिए वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख चुके हैं। अब व्यक्तिगत रूप से भी मिलूंगा और नाम बदले जाने की मांग करुंगा। नाम बदलने के मुद्दे पर दैनिक भास्कर ने निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी से बात की और जाना कि आखिर उन्होंने यह मांग क्यों उठाई?

सबसे पहले जानिए पत्र में क्या लिखा

निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने सीएम को लिखे पत्र में नवाब हमीउल्ला के नाम से भोपाल में संचालित हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल का नाम बदलकर राष्ट्रभक्तों के नाम से किए जाने की मांग की। पत्र में लिखा कि निगम को स?कों और चौराहों के नामकरण करने का अधिकार है। इसलिए सितंबर-23 में हमीदिया रोड का नाम बदलकर गुरुनानक मार्ग कर दिया गया है। चूंकि, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल समेत अन्य संस्थाओं के नाम परिवर्तन करने का अधिकार भोपाल निगम को नहीं है। इसलिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन्हें बदलें।

पाकिस्तान जाना चाहते थे हमीउल्ला-सूर्यवंशी

निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने बताया कि नवाब हमीउल्ला भारत भक्त नहीं बल्कि पाकिस्तान परस्त थे। वे भोपाल रियासत को पाकिस्तान में शामिल कराना चाहते हैं। नवाब हमीउल्ला ने तिरंगा फरहाने वाले पोस्ट मास्टर को गिरफ्तार कराया था। वह पाकिस्तान जाकर वहां के वजीर बनना चाहते थे। साथ ही विलिनिकरण आंदोलन करने वाले देशभक्तों पर गोलियां चलवाई थी। इसमें छह लोग शहीद हुए थे। यह इतिहास, तथ्य और प्रमाण तीनों ही है। इससे स्पष्ट होता है कि नवाब की निष्ठा भारत से अधिक पाकिस्तान से थी। इसलिए मेरा मानना है कि हमीउल्ला के नाम से हमीदिया हॉस्पिटल, कॉलेज और स्कूल नहीं होना चाहिए। इसलिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र लिखे हैं।

जल्द मुख्यमंत्री से मिलूंगा

इस संबंध में उनसे व्यक्तिगत भी मिलूंगा। मुझे पूरा भरोसा है कि इस पर जल्द निर्णय हो जाएगा।

बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भोपाल वृत्त के अंतर्गत नारियल खेड़ा में बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। छोला जोन प्रबंधक श्री हनीफ सिद्दकी ने बताया कि शहर संभाग उत्तर में नारियल खेड़ा निवासी श्री जावेद अली द्वारा मीटर बायपास कर बिजली चोरी की जा रही थी, जिस पर कंपनी द्वारा 03 फरवरी 2025 को प्रकरण पंजीबद्ध कर राशि 6514 रूपए का बिल जारी किया गया था।

आरोपी श्री जावेद अली द्वारा कंपनी के छोला जोन के कर्मचारी श्री जितेंद्र सिंह पर प्रकरण बनवाने के भ्रम के चलते सतर्कता दल के साथ अपनी ड्यूटी के दौरान गाली गलौच और मारपीट करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। इसके विरूद्ध कंपनी के छोला जोन प्रबंधक श्री हनीफ सिद्दकी ने थाना गौतम नगर में श्री जावेद अली के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126, 296, 115, 351, 370 में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इधर थाना गौतमनगर ने भी प्रकरण पर संज्ञान लेकर विवेचना शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए निरंतरता से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है और प्रकरण पंजीबद्ध किए जा रहे हैं। एक ओर सतर्कता विभाग बिजली चोरी की रोकथाम के लिए प्रयासरत है तो दूसरी ओर जोन स्तर के अधिकारियों द्वारा भी प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं।

बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई. आर. कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

मंदाकिनी-दानिश चौराहा सड़क प्रोजेक्ट अधूरा, कांग्रेस का विरोध

जनसुनवाई में पहुंचे कांग्रेसी; बोले- मंत्री, विधायक-अफसरों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के मंदाकिनी से दानिश चौराहे के बीच सड़क निर्माण नहीं होने पर कांग्रेस ने विरोध जताया है। इसे लेकर वे मंगलवार को कलेक्टोरेट में हुई जनसुनवाई में पहुंचे और आवेदन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सड़क का काम शुरू नहीं हुआ तो मंत्री, विधायक और पीडब्ल्यूडी अफसरों के खिलाफ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरेंगे। कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौड़ ने जनसुनवाई में आवेदन दिया। आरोप लगाया कि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए सड़क निर्माण में देरी की गई है। उन्होंने बताया, कोलार के वार्ड-82 में मंदाकिनी चौराहे से जेके हॉस्पिटल होते हुए दानिश कुंज चौराहे तक की 80 फीट सड़क का टेंडर 3 माह से ज्यादा समय पूर्व हो चुका है, लेकिन काम शुरू नहीं हो सका। इस संबंध में अफसरों को पत्र भी लिखे जा चुके हैं।

जनहित में जल्दी गड्ढे भरवाए जाए

जनसुनवाई में पहुंचे कांग्रेसियों ने मांग की कि सड़क निर्माण शुरू करने से पहले सड़क के गड्ढ़े भरे जाएं। ताकि, राहगीरों को परेशानी न हो। साथ ही ठेकेदार और संबंधित दोषी अफसरों के विरुद्ध जांच हो।

एक दर्जन बड़ी कॉलोनियां, हजारों लोग परेशान

जिस सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, वह भूमिका रेजीडेंसी, सिग्नेचर-99 समेत एक दर्जन बड़ी कॉलोनियों से जुड़ी है। वहीं, जेके हॉस्पिटल भी यहीं है। ऐसे में हर रोज हजारों लोग परेशान होते हैं।

तीन महीने पहले हो चुके टेंडर

कांग्रेस नेता राठौड़ ने बताया, कोलार के वार्ड 82 में मंदाकिनी चौराहे से लेकर जेके हॉस्पिटल होते हुए दानिश कुंज चौराहे तक की 80 फीट सड़क का टेंडर 3 माह पहले हो चुका है, लेकिन अभी तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इस महत्वपूर्ण सड़क पर बारिश शुरू होते ही कई जगह गड्ढ़े हो चुके हैं। जिससे राहगीरों को गुजरने में दिक्कतें हो रही हैं। वहीं, हादसे भी होने लगे हैं। इस सड़क निर्माण में देरी अनावश्यक रूप से हो रही है। मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ ईला तिवारी ने जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

एमपी में 30 नहीं 29 मेडिकल कॉलेजों में मिलेगा प्रवेश : दो नए सरकारी कॉलेज अभी शुरू नहीं हुए

विभाग ने दी धोखाधड़ी से बचने की सलाह

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में सोमवार से एलिजिबल कैंडिडेट्स के लिए डायरेक्टरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन (DME) पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इस कड़ी में DME द्वारा नीट यूजी 2025 में शामिल कॉलेजों की लिस्ट भी जारी की गई है। इसके अनुसार, इस बार 30 नहीं बल्कि 29 मेडिकल कॉलेजों में ही स्टूडेंट्स प्रवेश ले सकेंगे। इसकी वजह है कि नेशनल मेडिकल काउंसिल ने इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज की सभी 250 सीटें हटा दी हैं, यह साल कॉलेज के लिए 'जीरो ईयर' रहेगा। वहीं, इंदौर के ही एलएनसीटी कॉलेज और सेवा-कुंज अस्पताल की भी 50 सीटें घटा दी गई हैं। इधर, तमाम प्रयासों के बाद भी प्रदेश में दो नए सरकारी मेडिकल कॉलेज (श्योपुर और सिंगरौली) इस सत्र में शुरू नहीं हो सके हैं। ऐसे में नए सत्र 2025 में MBBS की सीटें बीते साल की तुलना में 300 कम रह गई हैं। बता दें, सीटों की सही गणना छ्रस्ध द्वारा सीट चार्ट जारी होने के बाद ही साफ हो सकेगी। हालांकि, जानकारों की मानें तो इस बार करीब 4500 सीटों पर स्टूडेंट्स को प्रवेश मिलेगा। यह संख्या बीते साल 4800 से अधिक थी।

बता दें, BDS में प्रवेश के लिए इस साल भी बीते साल की तरह सभी 13 डेंटल कॉलेजों के विकल्प खुले हुए हैं, जिनमें एक सरकारी डेंटल कॉलेज (इंदौर) भी शामिल है। प्रदेश में दो नए सरकारी मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली शुरू करने के लिए प्रदेश के पुराने मेडिकल कॉलेजों से 11 सीनियर फैकल्टी का ट्रांसफर भी किया गया था, ताकि साल 2025-26 के लिए स्ब्ब्र कोर्स शुरू किया जा सके। लेकिन, इनमें से सिर्फ आधी फैकल्टी ने ही ट्रांसफर को स्वीकार किया था। वहीं, अन्य में से किसी ने मेडिकल ग्राउंड तो किसी ने कोर्ट का रुख किया, जिससे उन्हें स्टे मिल गया। इसके अलावा इन मेडिकल कॉलेजों में नई फैकल्टी की नियुक्ति के भी प्रयास किए गए। इन तमाम कोशिशों के बाद भी इस सत्र में इनमें MBBS कोर्स संचालित करने में विभाग असफल रहा।

वन विभाग ने जल गंगा संवर्धन अभियान में 5 करोड़ से अधिक पौधों का किया रोपण

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के आव्हान पर वन विभाग द्वारा प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जैव विविधता को बड़ावा देने, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, जलवायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और जल संचय करने के उद्देश्य से 71 हजार 682 हेक्टेयर में 5 करोड़ 35 हजार 872 पौधों का रोपण किया गया है। अभियान में 78 हजार 665 हेक्टेयर में कुल 5 करोड़ 25 लाख 40 हजार 158 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया था। अभी तक लक्ष्य के विरुद्ध 95.23 प्रतिशत पौधरोपण किया जा चुका है। वन विभाग की विभिन्न शाखाओं द्वारा पौधरोपण के लक्ष्य के विरुद्ध अनुसंधान एवं विस्तार शाखा द्वारा 115 हेक्टेयर में 82 हजार 108, बेम्बो मिशन में 1113 हेक्टेयर में 4 लाख 9 हजार 735, कैम्पा में 50 हजार 545 हेक्टेयर में 3 करोड़ 25 लाख 72 हजार 688, डेवलपमेंट में 12 हजार 903 हेक्टेयर में 67 लाख 86 हजार 151, ग्रीन इण्डिया मिशन में 1413 हेक्टेयर में 4 लाख 69 हजार 515, लघु वनोपज संघ में 1854 हेक्टेयर में 9 लाख 33 हजार 875 और वन विकास निगम द्वारा 3 हजार 521

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना: कलेक्टर सूर्यवंशी ने 13 किसानों के परिजनों को 4-4 लाख की राशि की स्वीकृत

बैतूल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत बैतूल जिले के कृषि संबंधी कार्य के दौरान दुर्घटना में मृतक 13 किसानों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को मृतक किसानों की पत्नियों को 4-4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि यह योजना किसानों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है। उन्होंने जिले के कृषकों से अपील की कि यदि किसी किसान के परिवार में ऐसी दुर्घटना घटित हो तो वे निर्धारित प्रारूप में एक वर्ष के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर इस योजना का लाभ अवश्य लें। कृषि विभाग के उप संचालक श्री आनंद बड़ोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना का उद्देश्य उन किसानों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य से जुड़े होते हैं और कृषि संबंधी कार्य करते समय किसी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत यदि दुर्घटना में किसान की मृत्यु होती है, तो उसके परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता दी जाती है। वहीं स्थायी अपंगता की स्थिति में 1 लाख तथा आंशिक अपंगता पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अंतर्गत सलाह के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

इन किसानों के परिजनों को मिली योजना की राशि

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अतंर्गत प्रभातपट्टन विकास खंड के ग्राम मासोद निवासी आवेदिका श्रीमती ज्योति पति स्व.दिलीप, भैंसदेही विकासखंड के ग्राम पोहर निवासी आवेदिका श्रीमती जमुना पति स्व.गुलाबराव, ग्राम सावलमेंढा निवासी आवेदिका श्रीमती सुनिता पति स्व.वासुदेव, ग्राम खोमई निवासी आवेदिका श्रीमती सुभद्रा पति स्व.गणपत, शाहपुर विकासखंड के ग्राम बोन्दरी निवासी आवेदिका श्रीमती माधुरी पति स्व. आशाराम, ग्राम कालापानी निवासी आवेदक श्री माखन पिता स्व. रामभरोस, ग्राम कावली खेड़ा निवासी आवेदिका श्रीमती संतरी पत्नी स्व.मूरत, घोड़ाडोंगरी विकासखंड के ग्राम छुरी निवासी आवेदिका श्रीमती कलेसिया पति स्व. फगन, आठनेर विकासखंड के ग्राम आष्टी निवासी आवेदिका श्रीमती मिठिया पत्नी स्व. परसराम, बैतूल विकासखंड के ग्राम गौनीघाट निवासी आवेदिका श्रीमती निर्मला पति स्व. गुलाबराव, ग्राम गोंदरा निवासी आवेदिका श्रीमती शांति पति स्व. बाबूलाल, ग्राम सेहरा निवासी आवेदिका श्रीमती ललिता पति स्व.लखन, ग्राम लापाझिरी निवासी आवेदिका श्रीमती कला पत्नी स्व. भंगीलाल को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।

इन परिस्थिति में किसानों की मिलता है योजना का लाभ

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत कृषि कार्य में कृषि यंत्रों का उपयोग करते हुए जिसमें खेती से संबंधित सिंचाई कार्य, खेतों में फसलों और फल-सब्जियों पर रासायनिक दवाइयों के छिड़काव करते समय, सिंचाई कार्य के लिए कुआं खोदते, ट्यूबवेल स्थापित एवं ट्यूबवेल संचालित करते समय, खेत से गुजरने वाली विद्युत लाइन के क्षतिग्रस्त होने, बिजली का करंट लगने से मृत्यु या अंग-भंग होने पर किसानों को सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा मंडी प्रांगण एवं मंडी अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकृत क्रय केंद्रों एवं राज्य शासन द्वारा घोषित क्रय केन्द्रों पर कृषि उपज की बिक्री के समय, कृषि यंत्रों के उपयोग करते समय एवं बोरियों की ढेरी लगाते समय हुई दुर्घटना, मंडी प्रांगण में ट्रैक्टर-ट्राली तथा बैलगाड़ी इत्यादि के पलटने पर हुई दुर्घटना, कृषि उपज के विक्रय के लिए तथा घर से खेत आते-जाते समय रास्ते में हुई दुर्घटना, कुट्टी की मशीन एवं कृषि संयंत्रो से केश मशीन में आने से (डिस्केल्पिंग) दुर्घटना, कृषि सुरक्षा पेड़ की छटाई, कृषि की रखवाली, पशु चराई, पशु को घास खिलाने दाना खिलाने, पानी पिलाने, छोड़ने बांधने आदि दैनिक कार्य करते समय हुई दुर्घटना में मृत्यु या अंग भंग

जनसुनवाई में सुमन को मिला न्याय, कलेक्टर ने अवैध कब्जा हटाने और सूदखोरों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई के दृष्टिगत मंगलवार को सभी तहसीलदार के अवकाश पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

बैतूल/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कुल 149 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक मंगलवार को कोई भी तहसीलदार अवकाश पर नहीं रहे यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में ग्राम रतेड़ा कला निवासी बुजुर्ग महिला ने आवेदन के माध्यम से बताया कि शासन द्वारा उन्हें भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है। लेकिन अनावेदकों द्वारा उक्त पट्टे की जमीन को हड़पने की नीयत से उनके घर के सामने गड्ढा खोद दिया है और जबरन परेशान किया जा रहा है। आवेदक की

समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को उक्त गड्ढे को भरे जाने एवं फेंसिंग किए जाने के निर्देश दिए है।

सीईओ श्री जैन ने भीमपुर की जनसुनवाई में सुनीं आवेदकों की समस्याएं

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने मंगलवार को भीमपुर विकासखंड में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीईओ श्री जैन ने कई समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। सीईओ श्री जैन ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

तहसीलदार को अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

बैतूल में आयोजित जनसुनवाई में आमला निवासी जित्तू सराठे ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को बताया कि उनके मकान पर अनावेदक द्वारा अवैध रूप से का कब्जा कर लिया है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार आमला को मौके पर जाकर जांच करने और शिकायत सही पाए जाने पर आवेदक को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए है। मुलताई तहसील के ग्राम मोही निवासी करण सिंह ने अवैध कब्जा हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को तत्काल कब्जा हटाए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आमला निवासी सुमन ढोलेकर ने आवेदन के माध्यम से सूदखोर द्वारा पट्टे की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को अवैध कब्जे को हटाने तथा सूदखोरों पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

जमीन के विक्रय पत्र को निरस्त किए जाने की मांग

ग्राम ठुटमूर निवासी रामकली बेले ने जमीन के विक्रय पत्र को निरस्त कर अनावेदकों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैतूल जिले के वन ग्राम बालाडोगरी निवासी जगदीश ने वन ग्राम के पट्टे की जमीन पर हुए कब्जे को हटाए जाने के लिए आवेदन दिया है। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के माकड़ा निवासी कान्ती काजले एवं भीमपुर तहसील के ग्राम सिंगारचावड़ी निवासी मनीषा वरकड़े ने रोजगार दिलाए जाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में चिचोली तहसील के ग्राम आमापुरा निवासी कालूराम चौहान ने छात्रावास में पुत्र को निवास दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने ट्राइबल विभाग के संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम केवलाझील निवासी बालक अहाके ने संबल कार्ड की राशि प्रदान कर सहायता किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अम्बेडकर वार्ड टिकारी में दस्तक एवं सह स्टॉप डायरिया अभियान का किया शुभारंभ

बैतूल/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास के सहयोग से दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया अभियान 22 जुलाई से 16 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अम्बेडकर वार्ड टिकारी बैतूल में प्रातः 10 बजे नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री महेश राठौर द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए पिलाकर किया गया।

नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री महेश राठौर ने कहा कि शासन द्वारा संचालित दस्तक अभियान महत्वपूर्ण अभियान है , जिसमें 0 से 5 वर्ष तक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बच्चों में बीमारियों का पता लगाकर आवश्यक उपचार एवं दवाईयां प्रदाय की जाएगी। जिससे निश्चित ही बच्चों में होने वाली मृत्यु को रोका जा सकेगा।

सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया अभियान 45 दिन तक चलाया जाएगा। जिसमें डायरिया, निमोनिया, कुपोषण, एनीमिया जैसी बीमारियों का पता लगाकर सही समय पर बच्चों को उपचार देकर बाल मृत्यु दर को रोका जा सकेगा। डॉ.हुरमाड़े ने उपस्थित माताओं को बताया कि जब तक आपका बच्चा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होगा तब तक वह शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम नहीं लहरा सकता है, बच्चे के माता-पिता, अभिभावक को बच्चे के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। दस्तक अभियान में नर्सिंग ऑफीसर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक के माध्यम से अभियान में चिन्हित 0 से 5 वर्ष तक के शत-प्रतिशत बच्चों को सेवा देंगी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ अभियान में कार्य करेंगी तब ही हम हर बच्चे के स्वास्थ्य का पता लगा सकते हैं। दोनों विभागों के साथ-साथ हमें जनप्रतिनिधि से भी सहयोग लेकर अभियान में कार्य करेंगे तभी जिले से हम कुपोषण को दूर कर पाएंगे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री गौतम अधिकारी ने बताया कि इस दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों की पहचान करना है , अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ता संयुक्त रूप से 45 दिवस में वास्तविक कुपोषित बच्चे की पहचान करेंगे। उनके अभिभावकों को उचित सलाह देकर निःशुल्क दवाईयां प्रदान करेंगे।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ प्रांजल उपाध्याय ने बताया कि दस्तक अभियान का मूल सिद्धांत जो न पहुंचे हम तक हम पहुंचे उन तक। एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक देंगी एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में बीमारियों का पता लगाकर समुचित उपचार करेंगी। यूएनडीपी प्रोजेक्ट ऑफीसर संजीव पांडे ने बताया कि दस्तक अभियान में दी जा रही सेवाओं की शत-प्रतिशत एन्ट्री दर्ज किया जाना आवश्यक है। दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टिकारी बैतूल के परिसर में पौधा रोपड़ किया गया।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विनोद शाक्य, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी क्षेत्र डॉ वैशाली भूमरकर, शहरी क्षेत्र परियोजना अधिकारी श्री निरंजन सिंह डुडवे, प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती मधुमाला शुक्ला, उप जिला मीडिया अधिकारी श्री महेशराम गुबरेले, डीसीएम श्री कमलेश मसीह, सीपीएचसी सलाहकार सुश्री रैजिना जेम्स, एपीएम श्री प्रकाश माकोड़े, प्रभारी परिवार कल्याण कार्यक्रम शाखा श्री भगतसिंह उइके, डाटा मैनेजर श्री तापीदास चड़ोकार, अंतरा फाउंडेशन से श्री सोनू राय, नर्सिंग ऑफीसर, फार्मासिस्ट, एमपीडब्ल्यू श्री कृष्णा, शहरी क्षेत्र एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं जनसामान्य मौजूद रहे।

रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से टीबी रोगियों को मिली फूड बास्केट

हरदा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सिद्वार्थ जैन ने क्षय रोगियों के लिए पोषण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से फूड बास्केट उपलब्ध कराए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला चिकित्सालय हरदा में आयोजित कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह ने रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया। इस अवसर पर डॉ सिंह ने बताया कि टीबी एक गंभीर संक्रमण है जो शरीर को बहुत कमजोर कर देता है। टीबी के जीवाणु शरीर की ऊर्जा और पोषक तत्वों का उपयोग करते हैं, जिससे मरीज की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। अच्छा पोषण प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है, जिससे शरीर बीमारी से लड़ने और ठीक होने में बेहतर तरीके से सक्षम हो पाता है। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों एवं हरदा नगर से आए मरीजों व उनके परिजनों ने टीबी यूनिट के प्रयासों की सराहना की व रेडक्रॉस सोसायटी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला मूल्यांकन अधिकारी मनीष शकरगाए, डीईआईएम आशीष साकल्ले, टीबी यूनिट से नीता चौबे, ब्रजेश थापक, राघव गुहा, ममता गुहा, बलराम विश्वकर्मा उपस्थित थे। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. मृत्युंजय सिंह गहलोत ने बताया कि कलेक्टर सिद्वार्थ जैन के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जैन के निर्देश पर विशेष अभियान चलाते हुए जिले के 1 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है तथा लक्षण चिन्हों के आधार पर दस हजार लोगों के बलगम की जॉच अत्याधुनिक मशीन के द्वारा की गई। डॉ. गहलोत ने बताया कि गांव गांव में विशेष शिविर लगाकर ढाई हजार लोगों की छाती का एक्स-रे विशेष ए.आई. मशीन के द्वारा किया गया है। उन्होने बताया कि विशेष जॉच शिविर जिले के दूरस्थ ग्रामों से लेकर सभी नगरीय क्षेत्र

दुर्घटना में जनहानि के प्रकरण में पीड़ितों को तत्काल राहत राशि प्रदान की जाए

कलेक्टर जैन ने अधिकारियों को दिये निर्देश

हरदा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि में पीड़ितों को तत्काल आरबीसी 6/4 के तहत राहत राशि देना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जनहानि की घटना और राहत राशि देने के बीच अनावश्यक विलंब न किया जाए। कलेक्टर श्री जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत अवैध होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा श्री कुमार शानु देवड़िया, एसडीएम टिमरनी श्री महेश बड़ोले व एसडीएम खिरकिया श्री अशोक डेहरिया सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने सभी अधिकारियों को सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाए। उन्होने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों व जनपद पंचायतों के सीईओ को अपने-अपने क्षेत्र में साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिये कि डेंगू संभावित क्षेत्रों में समय-समय पर फॉगिंग कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ई-केवायसी के लिये प्रति सप्ताह का लक्ष्य निर्धारित किया जाए तथा इसकी सतत मॉनिटरिंग की जाए। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीमांकन के कार्यों में तेजी लाएं। संयुक्त दल बनाकर लंबित सीमांकन कार्यों को पूर्ण करें। उन्होने निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में स्थित जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही करें। उन्होने जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को छात्रावासों में निर्धारित सीट अनुसार रिक्त सीटों पर बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

प्रथम पेज का शेष

वायु सेना से रिटायर्ड होंगे ...

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 की भूमिका रही। यही नहीं बीते वर्षों के दौरान बालाकोट एयर स्ट्राइक में भी मिग-21 की भूमिका रही। मिग-21 लड़ाकू विमान 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था और यह लड़ाकू विमान 62 साल तक भारतीय वायुसेना का हिस्सा रहा है। मिग-21 के बाहर होने के बाद वायुसेना की स्क्वाड्रन 29 रह जाएंगी। स्क्वाड्रन की यह संख्या वर्ष 1965 के युद्ध के समय से भी कम है। यह कमी स्वदेशी तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों से पूरी की जा सकती है। मिग-21 सोवियत यूनियन से खरीदा गया लड़ाकू विमान है। इसे 1963 में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया। आखिरी बार इस वर्ष 2025 में ऑपरेशन सिंदूर में मिग-21 ने हिस्सा लिया था।

थल सेना को मिले अटैक ...

साथ ही इसमें सीमा पार जबरदस्त हमला करने की क्षमता है। ये अटैक हेलीकॉप्टर पहाड़ी युद्ध क्षेत्रों में बने दुश्मन के बंकर और आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने में भी सक्षम हैं। यही कारण है कि भारतीय थल सेना को अटैक अपाचे हेलीकॉप्टर मिलने से सेना की शक्ति में तो जबरदस्त इजाफा हुआ है, इसके साथ ही सेना के रिस्पांस टाइम में भी तेजी आएगी।

देश के टैक्स मनी को ...

सदन क्यों नहीं चलने दे रहे?

उन्होंने आगे कहा, पोस्टर-बैनर लेकर सदन को बाधित करना आपत्तिजनक है, वह (विपक्ष) चर्चा की मांग कर रहे हैं और हम इसके लिए तैयार हैं। फिर वह सदन क्यों नहीं चलने दे रहे? यह दोहरा मापदंड गलत है। अगर आप चर्चा चाहते हैं, तो ये हंगामा नहीं करें। सरकार ने बार-बार कहा है कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं। लेकिन ये हंगामा क्यों कर रहे हैं, इसकी कौन जिम्मेदारी लेगा। देश की टैक्स मनी को आप हंगामा करके बर्बाद कर रहे हैं। इसका जवाब देना पड़ेगा। आप लोग सदन का समय बर्बाद कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी और उनके कुछ साथी दो दिन से हंगामा कर रहे हैं। मैं इसका खंडन करना चाहता हूं।

इंडी गठबंधन की बैठक में ...

खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ इंडी गठबंधन के सांसद मौजूद रहे।

कांग्रेस ने बताया कि मानसून सत्र में विपक्ष कई अहम मुद्दों को सदन में उठाएगा, जिनमें पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, युद्धविराम व ट्रेड को लेकर ट्रंप के बयान, बिहार में एसआईआर के नाम पर हो रही वोटबंदी, विदेश नीति का विषय (पाक, चीन, गाजा), डिलिमिटेशन का मुद्दा, देश में दलित, पिछड़े, आदिवासी, महिला और अल्पसंख्यक वर्गों पर अत्याचार का मुद्दा, अहमदाबाद प्लेन हादसा और मणिपुर हिंसा शामिल हैं। प्रधानमंत्री को सदन में आकर इन मुद्दों से जुड़े सवालों के जवाब देने चाहिए।

हंगामे के बीच दी गयी ...

इस्तीफा दे सकता है । यह इस्तीफा तुरंत स्वीकार माना जाएगा।

उपराष्ट्रपति पदेन राज्य सभा के सभापति भी होते हैं।

श्री धनखड़ ने सोमवार रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपना त्यागपत्र भेजा था। उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए देश में दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद को छोडने का फैसला किया है।

पीएम का यूके-मालदीव...

सहयोगियों के ध्यान में लगातार लाते रहे हैं और आगे भी लाते रहेंगे। यह न सिर्फहमारे लिए चिंता का विषय है, बल्कि हमारे सहयोगियों के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए, क्योंकि यह उनके देशों में सामाजिक समरसता और सार्वजनिक व्यवस्था को भी प्रभावित करता है।

मंत्रि-परिषद ने सांख्यिकी से

राणा प्रताप सागर जल विद्युत गृह की चारों इकाइयों (4×43 मेगावाट) के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण की डी.पी.आर. में वर्णित अनुमानित लागत 573 करो? 76 लाख रूपये का अनुमोदन प्रदान किया गया। दोनो परियोजनाओं की स्वीकृति परियोजना राशि पर निर्धारित अंशपूँजी को मध्यप्रदेश एवं राजस्थान राज्य द्वारा 50-50 अनुपात पर वित्त विभाग के परामर्श अनुसार मध्यप्रदेश की हिस्से की राशि 127 करोड़ 6 लाख रुपये को वर्षवार प्रदान किये जाने का अनुमोदन किया गया। मशीनरी बदलने के लिए राशि का व्यय होगा। परियोजना अगले 40 साल के लिए उपयोगी है

दोनों प्रदेश कि विद्युत् उत्पादन कंपनियां अपने-अपने राज्य में स्थित परियोजना का क्रियान्वयन करेगी एवं कार्यों की लागत का लेखा-जोखा पारदर्शी रूप से संधारित कर एक दूसरे से साझा करेंगी तथा मौजूदा प्रथा के अनुसार वितीय खातों का तिमाही/वार्षिक मिलान कर समायोजित करेगी।

विक्रमोत्सव व्यापार मेला उज्जैन मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट के निर्णय का अनुसमर्थन

मंत्रि-परिषद ने उज्जैन के विक्रमोत्सव व्यापार मेला वर्ष-2025 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50त्न छूट प्रदान करने का निर्णय लेते हुए परिवहन विभाग की अधिसूचना 14 जनवरी 2025 एवं 9 अप्रैल 2025 का अनुसमर्थन किया गया।

निर्णय अनुसार ऐसे समस्त गैर-परिवहन यानों (मोटर साइकिल, मोटर कार, निजी उपयोग के लिए ओमनी बस) तथा हल्के परिवहन यानों को, विक्रय पर जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी, जिनका कि वर्ष 2025 में उज्जैन व्यापार मेला की मेला अवधि के दौरान विक्रय किया जाएगा। छूट केवल विक्रीत वाहनों का क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन से स्थाई पंजीयन कराने पर ही प्रदान की जाएगी। उज्जैन के बाहर से आने वाले ऑटोमोबाइल व्यवसायी को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन से व्यवसाय प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तथा उज्जैन में मेला प्रांगण में अपनी भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के उपरांत ही वाहन विक्रय करने को अनुमत किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ खुले, बैंकिंग शेयरों में तेजी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान में खुला और आईसीआईसीआई बैंक एवं एक्सिस बैंक जैसे दिग्गज बैंकिंग शेयरों में बढ़त देखी गई।सुबह 9ः23 बजे, सेंसेक्स 152 अंक या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,359 पर और निफ्टी 38 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 25,129 पर था।बैंकिंग शेयरों ने बाजार में बढ़त बनाए रखी। निफ्टी बैंक में 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 45 अंक या 0.08 प्रतिशत बढ़कर 59,514 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 80 अंक या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 19,038 पर था।सेक्टोरल आधार पर, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, मीडिया, एनर्जी और निजी बैंक हरे निशान में थे। फार्मा, आईटी, ऑटो और एफएमसीजी में दबाव के साथ कारोबार हो रहा था।सेंसेक्स में इटरनल, ट्रेंट, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, बीईएल, एचसीएल टेक, एनटीपीसी और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एमएंडएम, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एलएंडटी, एचयूएल और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे।चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के मंदार भोजने ने कहा, कल निफ्टी 50, अपने इंट्राडे लो 24,900 से मजबूत रिबाउंड के बाद, लगभग 225 अंक बढ़कर 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ, जिससे एक बुलिश कैंडलस्टिक पैटर्न बना। यह 50 दिनों के ईएमए से रिबाउंड संभावित ट्रेंड रिवर्सल का संकेत देता है, हालांकि फॉलो-अप खरीदारी के जरिए इसकी पुष्टि का इंतजार है।उन्होंने आगे कहा, तेजी की स्थिति में अगर निफ्टी 25,150 के स्तर को तोड़ता है तो यह 25,250 की ओर जा सकता है। फिलहाल इसका सपोर्ट लेवल 25,000 और 24,900 पर बने हुए हैं।अधिकांश एशियाई बाजार सीमित दायरे में रहे।

क्वाईन डीसीएक्स पर बड़ा साइबर हमला, 378 करोड़ का लगा चूना

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों में से एक कॉइनडीसीएक्स पर साइबर अटैक होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार कंपनी ने साइबर हमले की पुष्टि की है। इस कारण एक्सचेंज के एक इंटरनल अकाउंट से लगभग 44 मिलियन डॉलर (करीब 378 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। इस हमले को लेकर कंपनी ने कहा है कि वह अपने खुद के रिजर्व से इस नुकसान की भरपाई करेगी। कॉइनडीसीएक्स के को-फाउंडर नीरज खंडेलवाल ने कहा है कि हमारी ट्रेजरी एसेट्स में से कुल लगभग 44 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। ष्टश्वद्बठ्ठष्टष्टङ्ग ट्रेजरी ही इस नुकसान की भरपाई करेगी। उन्होंने कहा कि हमारा पहला और सबसे अहम मकसद एसेट्स को सुरक्षित करना है। यह घटना केवल एक इंटरनल ऑपरेशनल अकाउंट से संबंधित रही, जिसका उपयोग एक पार्टनर एक्सचेंज पर लिक्विडिटी प्रोविजनिंग के लिए किया जाता था।

चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम हुई

1000 रुपये बढ़े सोने के दाम, चांदी की कीमत में भी उछाल

नई दिल्ली। मंगलावर को सोने की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गयी। वहीं चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं।

स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी के कारण मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गयी। इसी के साथ 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला यह कीमती धातु चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000 रुपये बढ़कर 99,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। इस बीच, वैश्विक बाजारों में सोना हाजिर 0.28 प्रतिशत गिरकर 3,387.42 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर चांदी भी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38.89 डॉलर प्रति औंस रह गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा कि कॉमेक्स पर सोने का कारोबार 3,395 डॉलर से 3,383 डॉलर के बीच सीमित और अस्थिर दायरे में हुआ। यह व्यापार सौदों या प्रमुख वैश्विक घटनाक्रमों से नए संकेतों के अभाव को दर्शाता है। एबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा कि निवेशक केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति के रुख पर मार्गदर्शन के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल और गवर्नर मिशेल बोमन के भाषण पर बारीकी से नजर रखेंगे। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट रिया सिंह के अनुसार, व्यापारियों की नजर चीन के लोन प्राइम रेट के फैसले पर है। साथ ही वे पीएमआई और टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर सहित प्रमुख अमेरिकी मैक्रोइकॉनॉमिक डेटा रिलीज पर नजर रखे हैं। यह ब्याज दर की उम्मीदों को बदल सकता है और वैश्विक स्तर पर सोने के लिए अगले दिशात्मक आवेग को निर्धारित कर सकता है।

हस्तशिल्प, कृषि और खाद्य जैसे क्षेत्रों में अब तक 697 जीआई पंजीकरण जारी

भारत, अमेरिका ने व्यापार समझौते के लिए 5वें दौर की वार्ता पूरी की

नई दिल्ली/ए.। वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम वार्ता 14-18 जुलाई, 2025 को वाशिंगटन में हुई थी। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत मार्च 2025 में शुरू की गई थी और अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गई। इसी प्रकार, प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच अब तक बारह दौर की वार्ता हो चुकी है। अंतिम दौर 7-11 जुलाई को ब्रुसेल्स में आयोजित किया गया था। वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा, ÷भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम वार्ता 14-18 जुलाई, 2025 को वाशिंगटन में हुई थी। एक अलग प्रश्न का उत्तर देते हुए, मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में बौद्धिक संपदा (आईपी) फाइलिंग 2020-21 में 4,77,533 से 44 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 6,89,991 हो गई है। सबसे अधिक वृद्धि भौगोलिक संकेत (जीआई) में 380 प्रतिशत की वृद्धि के साथ देखी गई, इसके बाद डिजाइन (266 प्रतिशत), पेटेंट (180 प्रतिशत), कॉपीराइट (83 प्रतिशत), ट्रेडमार्क (28 प्रतिशत) और सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट लेआउट-डिजाइन (एसआईसीएलडी) में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हस्तशिल्प, कृषि और खाद्य जैसे क्षेत्रों में अब तक 697 जीआई पंजीकरण जारी किए जा चुके हैं।

वाईआरएफ 25 जुलाई को 'वॉर 2' का ट्रेलर लॉन्च कर मनाएगा ऋतिक रोशन और एनटीआर के 25 साल का सिनेमाई सफर

मुंबई। इलेक्ट्रिक कारों की दुनिया में क्रांति लाने वाली एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने आखिरकार भारत में अपनी आधिकारिक एंट्री कर ली है। कंपनी ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किया है, जहां ग्राहक टेस्ला की सबसे पॉपुलर इलेक्ट्रिक कार 'मॉडल-ङ्ख' की टेस्ट ड्राइव ले सकते हैं।

टेस्ला ने भारत में अपनी शुरुआत मॉडल-वाय से की है, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत करीब 60 लाख रुपये रखी गई है। कई लोगों के लिए टेस्ला एक ड्रीम कार है, लेकिन इसकी ऊंची कीमत एक बड़ी बाधा बनी हुई है।

कितनी है कीमत और क्या हैं वेरिएंट्स?टेस्ला मॉडल-ङ्ख को भारत में दो वेरिएंट्स में पेश किया गया है- रियर-व्हील ड्राइव इसकी एक्स-शोरूम कीमत 59.89 लाख है। यह टेस्ला की दुनिया में एंट्री के लिए एक अच्छा विकल्प है।ऑल-व्हील ड्राइव इसकी एक्स-शोरूम कीमत 66.89 लाख है। यह बेहतर परफॉर्मेंस और हर मौसम में चलने की बेहतर क्षमता प्रदान करता है।हालांकि, इन मॉडल्स में टेस्ला की सिग्नेचर तकनीक और शानदार ड्राइविंग अनुभव मिलता है, लेकिन इनमें 360-डिग्री कैमरा, वेंटिलेटेड सीटें और फोन कनेक्टिविटी जैसी कुछ जरूरी सुविधाओं की कमी है, जो इस प्राइस सेगमेंट की कारों में आमतौर पर मिलती हैं। SIP के जरिए कैसे पूरा करें टेस्ला का सपना?अगर आप भी टेस्ला खरीदने का सपना देखते हैं लेकिन बजट आड़े आ रहा है, तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के जरिए आप कुछ सालों में यह सपना पूरा कर सकते हैं।

स्ढ्ढक्क म्यूचुअल फंड में निवेश का एक अनुशासित तरीका है, जो औसतन 10 से 12 प्रतिशत का रिटर्न दे सकता है। आइए जानते हैं कि आपको कितने निवेश की जरूरत होगी (7त्न महंगाई दर और 12त्न स्ढ्ढक्क रिटर्न के अनुमान पर आधारित)ः5 साल में टेस्ला खरीदने का प्लानः लक्ष्य राशिः 5 साल बाद महंगाई को मिलाकर मॉडल-ङ्ख की कीमत लगभग 95 लाख रुपए हो सकती है।

मासिक स्ढ्ढक्क इस लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर महीने करीब 1.17 लाख रुपए की स्ढ्ढक्क करनी होगी।अगर आपके पास 10 लाख रुपए हैंः यदि आप शुरुआत में 10 लाख रुपए का एकमुश्त निवेश करते हैं, तो आपकी मासिक स्ढ्ढक्क घटकर करीब 95,000 रुपए रह जाएगी। लक्ष्य राशिः 10 साल बाद कार की अनुमानित कीमत करीब 1.35 करोड़ रुपए होगी।

मासिक स्ढ्ढक्क इस बड़ी राशि के लिए आपको हर महीने सिर्फ 45,000

इंग्लैंड बनाम भारतः चौथे टेस्ट मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और जरुरी आंकड़े

नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली मेहमान टीम हर हाल में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी करने का प्रयास करेगी। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा है और ऐसे में टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी। आइए पहले मुकाबले की ड्रीम इलेवन और जरूरी बातें जानते हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 1932 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अब तक 139 मुकाबले खेले गए हैं। 36 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत और 53 में हार मिली है। 50 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 70 मैच खेले गए हैं। 10 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 38 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। जसप्रीत बुमराह भी इस मुकाबले में खेलते हुए नजर आएंगे। मोहम्मद सिराज ने ये जानकारी दी थी। वहीं, ऐसी उम्मीद है कि अंशुल कंबोज को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है और आकाश दीप को आराम दिया जा सकता है। ऋषभ पंत बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज खेल सकते हैं। संभावित टीमः यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज। इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट की अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। लॉर्ड्स टेस्ट में खेलने वाले शोएब बशीर चोट के चलते पहले ही बची हुई सीरीज से बाहर हुए हैं। उनकी जगह पर डॉसन खेलते दिखेंगे। बाकी इंग्लिश टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंग्लिश टीमः जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर। गिल ने इस सीरीज में अब तक 6 पारियों में 101.17 की औसत के साथ 607 रन बनाए हैं। राहुल ने पिछले टेस्ट में 100 और 39 रन के स्कोर किए थे। मौजूदा सीरीज में वह 375 रन बना चुके हैं। जेमी स्मिथ 6 पारियों में 103.75 की औसत के साथ 415 रन बनाए हैं। बुमराह ने पिछले मैच की पहली पारी में 5 विकेट हॉल लिया था। वह सीरीज में अब तक 12 विकेट ले चुके हैं। विकेटकीपरः ऋषभ पंत और जेमी स्मिथ। बल्लेबाजः जो रूट (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल। ऑलराउंडर्सः बेन स्टोक्स और रविंद्र जडेजा। गेंदबाजः जोफ्रा आर्चर, जसप्रीत बुमराह

भारत-इंग्लैंड के चौथे टेस्ट में बारिश डालेगी खलल?

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच बुधवार (23-27 जुलाई) से खेला जाने वाला है. मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलने जाने वाले इस मैच से पहले आज हम आपको यहां की पिच और वेदर रिपोर्ट के बारे में बताने वाले हैं। एक समय था जब ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती थी. इस पिच पर तेज उछाल, स्विंग और सीम देखने के लिए मिलती थी. लेकिन पिछले कुछ समय में यहां की पिच काफी बदल गई है. अब इस पिच पर बल्लेबाजों के लिए भी मदद मौजूद है. यहां बल्लेबाज एक बार सेट हो जाए तो वो अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली पारी का औसत स्कोर 324 रन है. इस मैदान का उच्चतम स्कोर 656, जो ऑस्ट्रेलिया द्वारा बनाया गया है. यहां का न्यूनतम स्कोर 58 है, जो भारतीय टीम द्वारा बनाया गया है. यहां पर टीम इंडिया का हाईएस्ट टोटल 432 है। ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर अब तक कुल 85 टेस्ट मैच खेले गए हैं. इस दौरान पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 32 और पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों को 17 मैचों में जीत मिली है. यहां पर 85 में से 36 टेस्ट मैच ड्रॉ

राम चरण का बीस्ट मोड ऑन... फिल्म पेड्डी में दिखेगा एक नया दमदार अवतार

तेलुगु सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म पेद्दी की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं। आज उन्होंने सोशल मीडिया पर एक जिम की तस्वीर शेयर की, जिसमें उनका नया मस्कुलर लुक दिख रहा है। राम की शानदार तस्वीर को देखने के बाद सेलेब्स और फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं। आज इंस्टाग्राम पर राम चरण ने अपनी टोन्ड बाइसेप्स फ्लॉन्ट करते हुए एक खास तस्वीर शेयर की है, जो उनकी फिल्म पेद्दी के शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ राम ने कैप्शन लिखा, पेद्दी के लिए बदलाव शुरू! शुद्ध धैर्य, सच्चा आनंद। उनकी घनी दाढ़ी और मैन बन हेयरस्टाइल ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा। उनका यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर सेलेब्स और फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने राम की इस पोस्ट पर फायर इमोजी बरसाए हैं। वहीं मिर्जापुर सीरीज से रातों रात प्रसिद्धि हासिल कर चुके दिव्येंदु शर्मा ने लिखा, बूम।

लकड़बग्घा 2 में शामिल हुई सारा जेन डियास

अभिनेत्री सारा जेन डियास अब फिल्म लकड़बग्घा 2- द मंकी बिजनेस की कास्टिंग टीम में शामिल हो गई हैं। इस बात की जानकारी अभिनेता और फिल्म निर्माता अंशुमन झा ने दी है। फिल्म से जुड़ने को लेकर अपनी खुशी जताते हुए सारा जेन डियास ने कहा, मुझे लकड़बग्घा 1 बहुत पसंद आई थी। जब मैंने सुना कि यह फिल्म एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा है जिसमें जानवरों से प्यार करने वाला एक हीरो है, और अब यह कहानी आगे बढ़ रही है, तो मैं बहुत उत्साहित हो गई। ऐसी फिल्में बहुत कम मिलती हैं जो एक्शन के साथ कोई अच्छा मकसद भी दिखाएं, जिसमें बेजुबान जानवरों की रक्षा करना शामिल हो।उन्होंने कहा कि लकड़बग्घा 2 आज के समय से जुड़ी हुई और भावनाओं से भरी फिल्म है।सारा ने कहा, इस फिल्म ने मुझे वो मौका दिया, जिसका मैं लंबे समय से सपना देख रही थी। मैं स्क्रीन पर एक्शन करना चाहती थी। मैं बहुत खुश हूं कि अंशुमन ने मुझे फिल्म का हिस्सा बनाया। बाकी टीम के साथ इस सफर में शामिल होकर अच्छा महसूस हो रहा है।अंशुमन ने अपने सोशल मीडिया पर सारा के शामिल होने की जानकारी देते हुए लिखा कि सारा के आने से लकड़बग्घा की टीम और भी ताकतवर और दमदार हो गई है। वह पर्दे पर एक शांत लेकिन जबरदस्त असर लेकर आती हैं।उन्होंने कहा, सारा की ताकत, सादगी और गहराई उन्हें लकड़बग्घा की दुनिया के लिए एकदम सही बनाती है। इस बार सिर्फ हमारी टीम वापस नहीं आई है, बल्कि और भी ज्यादा मजबूत, दमदार और गहराई से भरी हुई है। रिद्धि के बाद अब सारा के आने से हमारी कहानी में भावनाएं भी बढ़ी हैं और इसकी पहुंच भी। लकड़बग्घा 2- द मंकी बिजनेस की शूटिंग जारी है। इसे इसी साल सर्दियों में रिलीज किया जाएगा।इस फिल्म के पहले पार्ट में रिद्धि डोगरा और अंशुमन झा नजर आए थे। दोनों एक बार फिर इसके दूसरे पार्ट में दिखाई देंगे। इसके साथ ही फिल्म में सनी पांग भी अहम किरदार में हैं।लकड़बग्घा 13 जनवरी 2023 को रिलीज हुई थी और जुलाई 2023 में इसका प्रीमियर जर्मनी के स्टटगार्ट में हुए 20वें इंडियन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।

भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर नया विवाद

पाकिस्तान ने पॉइंट्स शेयर करने से किया इनकार

नईदिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल 2025) का दूसरा सीजन शुरू होते ही विवादों में घिर गया. 18 जुलाई को पाकिस्तान चैंपियंस और इंग्लैंड चैंपियंस के मैच के साथ टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ. लेकिन 20 जुलाई को इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के मैच को रद्द कर दिया गया, क्योंकि शिखर धवन समेत कुछ भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया था. जिसके कुछ घंटों बाद डब्ल्यूसीएल के आयोजको ने मैच रद्द कर दिया और भारतीय खिलाड़ियों को अनजाने में असुविधा पहुंचाने के लिए माफी भी मांगी.उस हाई-वोल्टेज मैच को रद्द करने के बाद अब एक नया विवाद दोनों टीमों के बीच पॉइंट्स को लेकर खड़ा हो गया है. पाकिस्तान चैंपियंस ने इंडिया चैंपियंस के साथ अंक शेयर करने से इनकार कर दिया है. उनका कहना है कि हमने मैच खेलने से इनकार नहीं किया था, इसलिए हम पूरे 2 अंक के हकदार है.रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूसीएल ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को भारत पाकिस्तान मैच रद्द होने का कारण बताया और साथ में ये भी बताया कि पाकिस्तानी टीम भारत के साथ अंक शेयर करने से नाखुश थी. जिसके लिए पाकिस्तानी चैंपियन टीम ने तर्क दिया कि उन्हें पूरे अंक दिए जाने चाहिए, क्योंकि भारत ने मैच से अपना नाम वापस ले लिया था.डब्ल्यूसीएल सूत्रों ने बताया, डब्ल्यूसीएल ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को बता दिया है कि आयोजक होने के नाते, वे इस मैच का आयोजन नहीं कर कर पाए. इंडियन चैंपियंस टीम की इसमें कोई गलती नहीं है, लेकिन पाकिस्तान चैंपियंस पॉइंट्स शेयर करने को तैयार नहीं है क्योंकि उनका कहना है कि भारत ने मैच से पीछे हटने का फैसला किया है, न कि उन्होंने. अब देखना ये है कि क्या दोनों टीमों में रद्द हुए मैच का अंक शेयर होता है की नहीं। और सबसे बड़ा सवाल ये भी है कि अगर दोनों टीमें सेमीफाइनल और फाइनल में आमने सामने आती हैं तो फिर उस

न्यूज गैलरी

किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकें अपनाने पर अधिक मुनाफा

सीहोर/नवप्रदेश। राज्य सरकार किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लक्ष्य पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकें अपनाने, फसलों के विविधीकरण तथा खेती के साथ पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन आदि गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाए। राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसानों के खेत पर जाकर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं।इस वर्ष धान के क्षेत्र में कमी तथा सोयाबीन और अरहर के क्षेत्र में वृद्धि की संभावना है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि किसानों को बीज की उन्नत किस्में बोने के लिए प्रेरित किया जाए। बायोफोर्टिफाइड गेहूँ के बीज में आयरन और जिंक की मात्रा होती है जो कि स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। किसानों को गेहूँ के इस बीज की किस्म एचआई 1650, 1636, 1633, 1655 बोने के लिए प्रेरित किया जाए। पूसा अरहर 16 अच्छी फसल है और इसका उत्पादन भी ज्यादा है। किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिए प्रेरित करें।किसानों को प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली के माध्यम से सिंचाई के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। खेत में पाइप लाइन डालने पर सरकार की ओर से अनुदान दिया जाता है। सभी जिलों में मृदा परीक्षण प्रयोग शालाएं कार्य कर रही हैं, इनके माध्यम से अधिक से अधिक मृदा परीक्षण करवाए जाएं। कस्टम हायरिंग केन्द्रों के माध्यम से किसानों को खेती के लिए उन्नत कृषि यंत्र एवं उपकरण भी उपलब्ध करवाए जाएं।

किसानों को डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके उर्वरक इस्तेमाल करने की सलाह दी जाए। एनपीके में फसलों के लिए उपयोगी सभी पोषक तत्व होते हैं। उर्वरक वितरण के लिए डबल लॉक केन्द्रों का आधुनिकीकरण किया जाए तथा प्रयास किया जाए कि किसानों को लाइन में खड़ा न होना पड़े और उनके बैठने की अच्छी व्यवस्था की जाए।किसानों को समझाया जाए कि नरबाई जलाना खेत के लिए अत्यंत हानिकारक है। नरवाई जलाने के स्थान पर हैप्पीसीडर, सुपर सीडर से बुआई करने पर खेत को नुकसान नहीं होता, उसके पोषक तत्व बने रहते हैं तथा उत्पादकता अधिक आती है। जिन किसानों ने हैप्पी सीडर का उपयोग कर बुआई की उन्हें बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं, उन किसानों को रोल मॉडलों के रूप में प्रचारित करें।शासन द्वारा ई मंडी प्रारंभ की गई है। किसानों को अपनी फसल बेचने में मंडियों में कम से कम समय लगना चाहिए। मंडियों को हाईटेक बनाने की कार्यवाही की जानी चाहिए। सरकार

जनसुनवाई कार्यक्रम में आधे से अधिक आवेदनो का मौके पर निराकरण हुआ

विदिशा /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा मंगलवार को आहूत की गई जनसुनवाई कार्यक्रम में आधे से अधिक आवेदको की समस्याओं का मौके पर निराकरण होने से प्रसन्नचित मुद्रा में अपने-अपने घरो की ओर लौटे है। कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के प्रति आवेदको के विश्वास में ब?ोतरी हो रही है हो भी क्यों ना उनके आवेदनो पर मौके पर कार्यवाही संभव हो रही है।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता को मंगलवार 22 जुलाई को सम्पन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में 162 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की और ध्यान आकर्षित कराया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने अनेक समस्याओं के संबंध में मौके पर ही संबंधित क्षेत्रो के एसडीएमो को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से निर्देश देते हुए दो दिवस के भीतर में निराकरण कराकर आवेदक के साथ-साथ जिला कार्यालय को सूचित करने हेतु ताकिद किया है। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा मौके पर 89 आवेदनो का निराकरण किया गया है शेष लंबित आवेदनो पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय

अधिकारियों को दिए गए है।

कलेक्टर श्री गुप्ता को आज प्राप्त अधिकांश आवेदन अतिवृष्टि से सोयाबीन की फसल खराब होने के कारण राहत राशि प्रदाय करने के प्राप्त हुए थे ततसंबंध में संबंधित क्षेत्र के एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित कर एक दिवस में सम्पूर्ण कार्यवाही कर पात्रता के अनुसार राहत राशि के प्रकरण दर्ज करें। राजीवनगर की श्रीमती नेहा मीना ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। ततसंबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उक्त प्रकरण के निराकरण होने तक टीएल बैठक में सम्मिलित करने के निर्देश मौके पर दिए है। नटेरन तहसील के ग्राम सोमवारा निवासी आवेदक श्री चिरौजीलाल अहिरवार ने आवेदन देते हुए बताया कि उनकी जमीन में दूसरी की जमीन जबरदस्ती मिला दी गई है इस कारण से विवाद उत्पन्न हो रहे है उक्त प्रकरण में क्षेत्र के तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया गया है।

कलेक्टर श्री गुप्ता को त्योंदा तहसील के ग्राम पिपरहारा की आवेदिका रामवती लोधी ने बताया कि घर में जंगली सुअर घुसने के कारण घर के बुर्जुग व महिलाओं को घायल कर दिया गया है उन्होंने प्रार्थी को आर्थिक सहायता दिलाए जाने का अनुरोध किया था उक्त प्रकरण पर वन मण्डलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया गया है। ग्राम रूसल्ली साहू के आवेदक लखपत सिंह प्रजापति ने अपनी भूमि पर कब्जा दिलाए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया था न्यायालयीन प्रकरण होने के कारण आवेदक को प्रक्रिया से अवगत कराया गया वहीं एसडीएम को प्रकरण के संबंध में कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए गए है।

सिरोंज तहसील के ग्राम अमोदा निवासी श्री हरप्रसाद ने बताया कि उनकी भूमि का सीमांकन होने पर अन्य के द्वारा अवैध कब्जा कर फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सीमांकन भूमि पर कब्जा दिलाए जाने का अनुरोध उनके द्वारा किया गया था। ततसंबंध में क्षेत्र के एसडीएम को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और प्रकरण का निराकरण कर जिला कार्यालय को अवगत कराने हेतु ताकिद किया गया है। लश्कपुर की आवेदिका श्रीमती सुजाता गुर्जर ने बताया कि कृषि भूमि को सिंचित करने हेतु मुख्यमंत्री कृषक योजना के अंतर्गत ट्रांसफार्मर सहित नवीन कृषि पंप ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था विभागद्वारा 97307 रूपए जमा कराने की सूचना दी गई थी जिसे ऑन लाइन जमा किया गया है किन्तु आज दिनांक तक विद्युत कनेक्शन चालू नहीं कराया गया है उक्त प्रकरण में ऊर्जा विभाग के अधिकारी को सम्पूर्ण जांच कर नियमानुसार कनेक्शन सुचारू रूप से दिलाए जाने के निर्देश दिए गए है। गंजबासौदा नगरपालिका के वार्ड 21 की निवासी सीमा कुशवाह ने बीपीएल राशनकार्ड जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था जिसका निराकरण करने हेतु क्षेत्र के एसडीएम को प्रेषित किया गया हैं। इसी प्रकार अन्य आवेदको के आवेदनो के निराकरणो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागो के अधिकारियों को दिए गए है। जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर के अलावा संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मिला रोजगार और आत्मनिर्भरता का मार्ग

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत भोपाल जिले में मत्स्यपालन को प्रोत्साहन देने हेतु वि.खं. फंदा के ग्राम ईटखेड़ी में श्री जलील मो. खान द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपनी निजी भूमि पर ÷प्रमोशन ऑफ़ रेक्रीऐशनल फिशरीज÷ इकाई की स्थापना की गई। इस इकाई का निर्माण इस प्रकार से किया गया है कि मत्स्यपालन और मत्स्योत्पादन के साथ-साथ मनोरंजनात्मक गतिविधियाँ भी संचालित हो सकें, जिससे आमजन का मत्स्यपालन गतिविधियों की ओर जुड़ाव बढ़े और साथ ही आय का साधन भी विकसित हो।

व्हीसी के उपरांत अधिकारियों को क्रियान्वयन संबंधी निर्देश

विदिशा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरो को उर्वरक वितरण और अतिवृष्टि तथा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रो में राहत कार्यो की समीक्षा करते हुए पीड़ितो को अविलम्ब सहायताएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

विदिशा के एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर मोहिनी शर्मा के अलावा पुलिस, जल संसाधन, कृषि, स्वास्थ्य विभाग के अलावा होमगार्ड, अधीक्षक भू-अभिलेख व नगरपालिका अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने व्हीसी समाप्ति के पश्चात् कक्ष में मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है जिसमें सीएमएचओ को गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव में बारिश के दौरान कोई व्यवधान ना आए कि व्यवस्थाएं पूर्व में सुनिश्चित कराने और आवश्यक दवाईयों की आपूर्ति ग्राम स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रो तक शत प्रतिशत कराए जाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है जिले के छोटे बडे बांधो, नदियों में जल की मात्रा बढती है तो उस पर सतत नजर रखें ओर आवश्यकता पड़ने पर बांधो के गेटो के खोलने पडते है तो सूचना तंत्रो के माध्यम से जल बहाव क्षेत्रो के ग्रामो को सूचित किया जाए। उन्होंने नदियों में अन्य जिलो का पानी आने से विदिशा जिले में बाढ की स्थिति निर्मित हो जाती है अतः समीपवर्ती जिलो के बांधो से पानी छोड़ा जाता है तो अविलम्ब जानकारियां प्राप्त कर जिले में सूचनाएं सम्प्रेषित कराएं।

डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेट होमगार्ड को निर्देशित किया गया है कि जिले की सभी पुल पुलियों एवं रपटो पर आवश्यकता के अनुसार बेरिकेट लगाने और कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित कराई जाए खासकर बारिश के दौरान पुल पुलियों एवं रपटो पर जल भराव होने पर रास्ता अवरूद्ध हो जाता है ऐसी स्थिति में आमजनो द्वारा रास्तो को पार करने की कोशिश की जाती है जिससे हादसा एवं दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं होती है अतः इस प्रकार के कृत्य ना हो इसके लिए सुरक्षा के चैतरफा प्रबंध सुनिश्चित कराएं और बाढ राहत कंट्रोल रूम को तमाम जानकारियां सुनिश्चित करने की व्यवस्थाएं क्रियान्वित करें। कृषि विभाग के उप संचालक को निर्देशित किया गया कि जिले में कहीं भी खाद की कमी ना हो खाद विक्रय दुकानो का औचक निरीक्षण किया जाए और नकली खाद बेचने के कृत्य जिले में ना हो पाए इसके लिए जांच पड़ताल पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए गए है।

नेशनल हाईवे पर विचरण करने वाले गौवंश को सुरक्षित स्थलों पर पहुंचाया

विदिशा/नवप्रदेश। गौरक्षा और सड़क सुरक्षा के लिए एनएचएआई के द्वारा एनएच 146 विदिशा सागर मार्ग पर निरंतर प्रयास किए जा रहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर पशु कल्याण सुनिश्चित करना है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सिद्धांत सिंघई के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधाएं ना हो ऐसे गौवंश जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ जाते है उन्हें विभाग के अमले के द्वारा सुरक्षित स्थलों पर पहुंचाने के प्रबंध सुचारू रूप से क्रियान्वित किए जा रहे है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षित और सुचारू बना रहे। प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सिद्धांत सिंघई ने बताया कि बाइक पेट्रोलिंग टीमों द्वारा रोजाना निगरानी काउ

कैचर वाहनों के माध्यम से आवारा मवेशियों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थानों (गौशालाओं) में पहुंचाने के कार्य सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वित किए जा रहे है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सकें।

यह अभियान दैनिक आधार पर जारी है और स्वयं प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सिद्धांत सिंघई एनएच-146 पर सक्रिय निगरानी रखते हैं ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और समय पर उचित कदम उठाए जा सकें। प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सिद्धांत सिंघई ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाएँ और सड़क पर पशु दिखाई देने पर सतर्कता बरतें। यह पहल एनएचएआई की ओर से सड़क सुरक्षा और पशु संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जनहित में अत्यंत सराहनीय है।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

कार्ययोजना अनुसार शत प्रतिशत काम के दिए निर्देश

राजगढ़/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और कुपोषण व बाल मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने दस्तक अभियान का विधिवत शुभारंभ करते हुए बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अभियान के लिए बनाई गई कार्ययोजना अनुसार शत-प्रतिशत काम होना चाहिए। फील्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी बराबर इसकी मॉनीटरिंग करेंगे। 15 दिनों के बाद अभियान की उपलब्धि

एवं इससे हितग्राही बच्चों को हुए लाभ की समीक्षा की जाएगी। अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी भी जिला अस्पताल पहुंचे और उन्होंने भी बच्चों को विटामिन- ए की दवा पिलाकर लोगों से अभियान में सहभागिता करने की बात कही। अभियान के दौरान मुख्य अतिथियों को सीएमएचओ द्वारा पौधा भेंट किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने उपस्थित लोगों को अभियान की रूप रेखा बताई। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई तैयारियों से कलेक्टर को अवगत कराया साथ ही अभियान में 0 से 5 साल तक के समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने की बात कही। जिला टीकाकरण अधिकार डॉ. एलपी भकोरिया ने अभियान के दौरान महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग से सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग एवं समन्वय से किसी भी अभियान को सफल बनाया जा सकता है। अभियान में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। इससे जिले में होने वाली शिशु मृत्यु दर और कुपोषण में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है, अभियान 16 सितंबर तक चलेगा । इस अवसर पर डॉ. केके श्रीवास्तव, डॉ. आरके कठेरिया, डॉ. आरएस परिहार, सीबीएमओ डॉ. एसके मित्तल, डॉ. पीके जैन, डॉ. सुधीर

जिला न्यायालय में टीबी स्क्रिनिंग कैंप का हुआ आयोजन

राजगढ़/नवप्रदेश। टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए निक्षय टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को जिला न्यायालय में टीबी स्क्रिनिंग सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं उपचार हेतु कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी, कर्मचारियों सहित आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. राजीव हरिओध ने बताया कि मंगलवार को जिला स्तर एवं अन्य दिनों में तहसील न्यायालय स्तर तक स्वास्थ्य कैंपों का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को जिला न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय में आने वाले पक्षकारों में लगभग 156 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। अभियान में हेपेटाईटिस, एचआईवी, टीबी, एनएएफएलडी और बीपी, शुगर जैसी बीमारियों की मौके पर ही जांच की गई। जांच उपरांत प्राप्त हुए परिणामों को संबंधितों के मोबाईल पर भेजा जाएगा। इस अवसर पर डॉ. रागिब सलीम, डॉ. शिफा अंसारी, डीपीसी सुश्री कीर्ति सिंह कुशवाह, श्री महेंद्र सिंह पहाड़ी, श्री मनोज गौर, सुश्री साधाना बाथम, श्री कौशल पिपलोटिया, सुश्री ज्योति मीना, श्रीगुलशन खान मौजूद थे।

एआई तकनीक पर एक्स रे

जिला क्षय अधिकारी डॉ. हरिओध ने बताया कि क्षय विभाग में हैंड होल्डिंग एक्स रे मशीन आई है, जो आर्टिफीशयली इंटलीजेंसी वाली तकनीक पर काम करती है। इस मशीन से टीबी संभावित मरीजों सहित अन्य लोगों का एक्स रे किया जाता है। मशीन के द्वारा एक्स रे के बाद रिपोर्ट में टीबी के मरीज को चिन्हित कर देती है। इससे टीबी जैसी बीमारी के मरीजों का आसानी से पता किया जा सकता है, और फिर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।